# शादी में रोड़ा देखकर फंदे से लटक गए प्रेमी युगल, जांच-पड़ताल शुरू


घटना के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक बंद पड़े मकान में युवक व किशोरी के फांसी के फंदे से लटकते शव मिलने से सनसनी फैल गई। यह दोनों प्रेमी युगल बताए जा रहे, वहीं इनके परिजन शादी के लिए तैयार नहीं थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि परिजनों ने चुप्पी साध रखी है।

घटना थाना क्षेत्र के लालपुर करौता गांव की है। यहां बंद पड़ी एक राइस मिल के पीछे मारूफ का मकान है। बताया जा रहा कि मारूफ परिवार सहित पिछले 20 वर्षों से बाराबंकी शहर में रह रहे हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे स्थानीय लोगों ने मकान परिसर में लगे अमरूद के पेड़ से दुपट्टे के सहारे युवक और युवती के शव लटकते देखे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान दसवंतपुर गांव निवासी 22 वर्षीय हसनैन पुत्र उस्मान और लालपुर गांव निवासी 17 वर्षीय सीबा पुत्री पीर मोहम्मद के रूप में हुई।

परिजनों के अनुसार दोनों गुरुवार शाम करीब चार बजे से लापता थे। स्थानीय चर्चा है कि किशोरी के परिजन विवाह के लिए तैयार नहीं थे। हालांकि, दोनों परिवारों की ओर से एक-दूसरे पर कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है। घटनास्थल पर पेड़ के झुके होने और शवों के पैर जमीन से छूने को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। कुछ लोग आत्महत्या तो कुछ हत्या कर शव लटकाए जाने की बात कह रहे। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा, हालांकि सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**मसौली, बाराबंकी :** विकासखंड मसौली की दो ग्राम पंचायतों में प्रभारी एडीओ पंचायत संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। ग्राम पंचायत प्रतापगंज में बनवारी लाल ने नाली निर्माण तथा माधव प्रसाद ने परिवार रजिस्टर की नकल के लिए प्रार्थना पत्र दिया। उपस्थित सचिव अजय कुमार वर्मा ने दोनों मामलों का तत्काल समाधान कराया। वहीं ग्राम पंचायत नेवला करसंडा में सरोज ने परिवार रजिस्टर की नकल और मिथिलेश ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दिया, जिनका भी निस्तारण किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### बबुरी गांव में छत से गिरे बुजुर्ग की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र के बबुरी गांव में शुक्रवार दोपहर 70 वर्षीय बुजुर्ग की घर की छत से गिरकर मौत हो गई। घटना के समय घर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा था लेकिन फिलहाल यह आयोजन स्थगित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बबुरी गांव निवासी नन्हूलाल श्रीवास्तव पुत्र राम नारायण किसी कार्य से घर की छत पर गए थे। परिजनों का कहना है कि कथा और भंडारे की तैयारियों को लेकर घर में चहल-पहल थी। इसी बीच छत पर व्यवस्था देखते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरे। गिरने से गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल लाए जाने से पहले ही मौत हो चुकी थी।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**सूरतगंज, बाराबंकी :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में शुक्रवार भोर एक युवक ने बंद कमरे में बेल्ट के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने की तहरीर दी है। कस्बे के ही रहने वाले मृतक के पिता बाबू उर्फ सलीम के अनुसार, उनका बेटा हलीम एक सप्ताह पूर्व अपनी पत्नी रेहाना को लेने उसके मायके गांव इटौला थाना महमूदाबाद सीतापुर गया था। आरोप है कि वहां पत्नी, उसकी मां कमरूल, भाई शब्बीर, भाभी और ससुर अमीर हसन ने हलीम के साथ मारपीट की और दोबारा न आने की बात कही। पुलिस हस्तक्षेप के बाद हलीम घर लौट आया, लेकिन तब से वह मानसिक तनाव में था। शुक्रवार सुबह रोजे के चलते परिवार के साथ सहरी करने के बाद वह कमरे में चला गया, जहां उसने बेल्ट का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजनों उसे तत्काल सीएचसी फतेहपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की ओर से ससुराल पक्ष के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना की तहरीर दी गई है। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### युवक ने लगाई फांसी, खुशियां काफूर



**मसौली, बाराबंकी :** परिवार के छह सदस्यों की जिम्मेदारी संभाल रहे युवक ने कानपुर स्थित होटल में फांसी लगाकर जान दे दी। करीब नौ दिन पहले ही वह घर से कानपुर गया था। घटना के बाद परिवार पर वज्रपात सा हो गया। इकलौते पुत्र को खोकर मां बाप व भाई के न रहने पर बहनें रो रोकर बेहाल हैं। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में कस्बा मसौली के मोहल्ला ब्लाक कालोनी निवासी मो . आरिफ उर्फ़ गुड्डू टेलर की चार पुत्रियों में इकलौता पुत्र शहनवाज उर्फ़ शानू कुछ वक्त पूर्व कानपुर स्थित एक होटल में काम करने चला गया। कुछ दिन पहले ही वह घर वापस आया था तथा 18 फ़रवरी को पुन: काम पर वापस चला गया। गुरुवार रात शहनवाज ने होटल मे ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की भोर घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार को कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक शानू टेलर पिता की सीमित कमाई को लेकर बोझ कम करने के लिए कानपुर चला गया। वह होटल में रोटी पकाता था। घर परिवार वाले काफी खुश थे। घर आये शानू ने ईद त्यौहार पर माता पिता व बहनों के लिए अच्छे कपड़े लाने का वादा किया था लेकिन पुलिस की एक काल ने खुशियों को चकनाचूर कर दिया। 22 वर्षीय बहन इत्तशाम, 20 वर्षीय फौजिया, 15 वर्षीय जोया व 10 वर्षीय बहन शकीना अपने भाई को याद कर बेहाल हैं।

## 719 स्थानों पर होगा होलिका दहन, अलर्ट मोड पर पुलिस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** होली पर्व को लेकर रामसनेहीघाट सर्किल में तैयारियां तेज हो गई हैं। क्षेत्राधिकारी जटा शंकर मिश्रा ने बताया कि पूरे सर्किल क्षेत्र में कुल 719 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जानकारी के अनुसार थाना दरियाबाद में 146, थाना टिकैतनगर में 180, कोतवाली रामसनेहीघाट में 145 और थाना असन्दरा क्षेत्र में सर्वाधिक 248 स्थानों पर होलिका दहन होगा। संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। प्रत्येक स्थल पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख स्थानों पर ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। पुलिस ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## टेंपो सवार वृद्ध की जेब से उड़ाए एक लाख रुपये

**निन्दूरा, बाराबंकी:** अमृत विचार शुक्रवार को दिनदहाड़े एक टेम्पो पर सवार सीतापुर के वृद्ध की जेब काटकर अज्ञात बाइक सवार एक लाख रुपये लेकर फरार हो गए। बदमाशों का पीछा करते समय वृद्ध सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन वह इसे चोरी बता रही है। जानकारी के अनुसार यह घटना बड्डूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महमूदाबाद कुर्सी मार्ग पर त्यागी दास कुटी के पास शुक्रवार की दोपहर हुई। सीतापुर जिला महमूदाबाद थाना क्षेत्र के कंडारी गांव निवासी रामेश्वर रावत किसी कार्यवश कुर्सी कस्बा आए थे। यहां से वापस जाने के लिए वह एक टेम्पो पर सवार हो गए, इसी बीच बाइक सवार तीन बदमाश टेम्पो के पास पहुंचे और बुजुर्ग की जेब काटकर एक लाख रुपये निकाल लिए, इसके बाद तीनों युवक फरार होने लगे। शोर मचाने पर लोग एकत्र हुए, वहीं घटना की खबर पुलिस को दी गई। इस बारे में थानाध्यक्ष मनोज सोनकर ने बताया कि लूट की घटना नहीं है बल्कि चोरी हुई है।

### दावत में गए युवक की मोटरसाइकिल चोरी

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अमर सिंह पुरवा मजरे अमराईगांव थाना व तहसील रामनगर निवासी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र रत्नाकर सिंह 25 फरवरी की रात करीब 10 बजे मोटरसाइकिल से रंजीतपुर सोनहरा गांव स्थित राकेश शुक्ला के यहां निमंत्रण में गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान बाइक चौकी छेदा अंतर्गत खड़ी की गई थी। कार्यक्रम से वापस लौटने पर मोटरसाइकिल मौके पर नहीं मिली। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित के पुत्र द्वारा घटना की सूचना उसी रात संबंधित चौकी इंचार्ज को फोन के माध्यम से दे दी गई थी।

### आईसीटी व एआई प्रशिक्षण आयोजित



प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कम्पोजिट स्कूल बड़ेल में शुक्रवार को कैप्री ग्लोबल व मुस्कान ड्रीम्स के सहयोग से गणित एवं विज्ञान शिक्षकों के लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी और एआई विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के सात विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए। मुस्कान ड्रीम्स के सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट अनुपम सिंह ने शिक्षकों को तकनीकी शिक्षा के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। प्रशिक्षण में मोहित सिंह और निष्ठा तिवारी ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में मुस्कान ड्रीम्स ऐप के प्रभावी उपयोग, कक्षा शिक्षण में आईसीटी का समावेशन और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार के लिये एआई आधारित संसाधनों के प्रयोग पर मार्गदर्शन दिया गया।

### दिलीप तिवारी व अरविंद प्रताप सिंह बने अध्यक्ष


नवगठित ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विखं सिरौलीगौसपुर में उत्तर प्रदेशीय प्राशिसं संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। इस मौके पर नई टीम को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। दिलीप कुमार तिवारी को सिरौलीगौसपुर तो अरविंद प्रताप सिंह को सूरतगंज ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सिरौलीगौसपुर ब्लॉक कार्यकारिणी में अपर्णा श्रीवास्तव को महिला उपाध्यक्ष, रुद्र प्रताप पाण्डेय को ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनूप अवस्थी को ब्लॉक मंत्री और सूरज वर्मा को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि संगठन सदैव शिक्षकों के मान-सम्मान, अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहा है। कार्यक्रम में डॉ. राकेश सिंह, उमा नाथ मिश्रा, डॉ. देवेंद्र कुमार द्विवेदी, श्याम किशोर बाजपेई, राजेश श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, जय कुमार, ललित पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## हादसों में वृद्ध समेत दो की मौत व एक घायल

**बनीकोडर/सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी:** शुक्रवार को हुए सड़क हादसों में एक महिला व वृद्ध समेत दो की मौत हो गई जबकि एक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। असंद्रा क्षेत्र अंतर्गत शिव बख्श पुरवा गांव निवासी रोहित शुक्रवार को बहन मिथिला पत्नी सियाराम को बाइक से उसकी ससुराल पूरे गुमानी मजरे सिकरेहना गांव लेकर जा रहा था। सिल्हौर के पास सामने से आई तेज रफ्तार बोलेरो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे मिथिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल रोहित को एम्बुलेंस से सीएचसी रामसनेहीघाट भेजा गया। उधर कोतवाली बदोसरांय अंतर्गत शाहगढ़ गांव में बदोसरांय से सफदगंज मार्ग पर स्थित ग्राम शाहगढ़ मजरे खजुरिया में श्रीकेशन पंचर वाले के सामने रहने वाले बाइक चालक शिवजी गुप्ता ने चेतराम 75 पुत्र छेदू को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में चेतराम घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल चेतराम को तुरंत संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुंचते ही वृद्ध चेतराम ने दम तोड़ दिया।

### सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** ग्रापं सलेमपुर, परगना मवई में सरकारी भूमि पर कथित कब्जे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भाकियू (धर्मेंद्र) ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्रवाई न होने पर जनांदोलन किया जाएगा। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रामसुरेश तिवारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि कई सुरक्षित भूमि, जो स्कूल और पंचायत भवन के नाम दर्ज हैं, पर कब्जे का प्रयास हो रहा है। वर्ष 1979 में तहसीलदार रामसनेहीघाट की अदालत ने धारा 115-सी के तहत कब्जा हटाने और जुर्माना लगाने का आदेश दिया था, लेकिन कार्रवाई अधूरी रह गई। चकबंदी के बाद भी अभिलेखों में हेरफेर कर कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया गया है। आम रास्ता बंद करने और स्कूल भूमि पर निर्माण की तैयारी की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई है।

## फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना डाली अश्लील पोस्ट

**बनीकोडर, बाराबंकी:** असंद्रा थाना क्षेत्र में एक किशोरी की फोटो व नाम का दुरुपयोग कर उसकी फर्जी आईडी बनाई गई और अब उस आईडी के जरिए अश्लील पोस्ट डाली जा रही है। इससे आहत पिता ने आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री जन्मतिथि के अनुसार 14 साल की है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी पुत्री की फोटो लगाकर इंस्टाग्राम पर तीन फर्जी आईडी बनाई गई हैं। इन आईडी के माध्यम से लगातार अश्लील व आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की जा रही है, जिससे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही और पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। परिजनों का कहना है कि इस घटना के बाद किशोरी का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। पिता ने बताया कि उनके पास संबंधित फर्जी आईडी और आपत्तिजनक पोस्ट के स्क्रीनशॉट पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

## एक मार्च को मनाई जायेगी गाडगे की 150वीं जयंती

**बाराबंकी, अमृत विचार:** रविवार को प्रातः 11 बजे रामसिंह सभागार नगरपालिका परिषद प्रांगण में राष्ट्र संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन संत गाडगे सेवा समिति बाराबंकी और अखिल भारतीय धोबी महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत और विधान परिषद सदस्य डॉ. सुरेन्द्र चौधरी उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नवल किशोर चौधरी, डॉ. हरीशचन्द्रा (प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय), एडवोकेट राकेश कुमार आर्य (प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय धोबी महासंघ) और संजीव रजत (सह-संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष, टीचर्स सेल्फ केयर टीम) शामिल होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में रत्नेश कुमार (अध्यक्ष, बी.आर. अम्बेडकर मेमोरियल सोसाइटी, बाराबंकी) अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम में धोबी समाज और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रहेगी।

### चकबंदी के 11 वादों का हुआ निस्तारण


मामलों का निस्तारण करते अधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील फतेहपुर के ग्राम सरैया मकबूल नगर व रसूलपुर हेतम में चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद एवं डीएम शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर चौपाल आयोजित हुई। चौपाल में चकबंदी से जुड़ी कृषकों की समस्याएं सुनीं गईं और 11 का निस्तारण किया गया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की मौजूदगी में चकबंदी अधिकारी राजेश सिंह, चकबंदी लेखपाल और अन्य कर्ता ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जिससे किसानों को राहत मिली।

## जनहित के कार्यों को दें प्राथमिकता: राही


निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री सुरेश राही। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** शुक्रवार को जिले के दौरे पर पहुंचे प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने उमरा क्षेत्र के समेकित विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मंत्री राही ने संबंधित कार्यदायी संस्था को स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनहित के कामों को प्राथमिकता देना हमारी जिम्मेदारी है। इसके बाद मंत्री कुर्सी स्थित गोवंश आश्रय स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने पशुओं को दिए जा रहे चारे की गुणवत्ता और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। भूसे में अशुद्धि पाए जाने पर उन्होंने विकास खंड अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए ताकि पशुओं को स्वच्छ और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सके। घुंघटेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंत्री ने रोगियों से संवाद कर उपचार संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने प्रयोगशाला, एक्स-रे, दवा वितरण कक्ष और चिकित्सकों के कक्ष का निरीक्षण किया। स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन का भी अवलोकन किया और वहां परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता जानी। लोगों ने उपकेंद्रों में दवा उपलब्धता और चिकित्सक उपस्थिति से जुड़ी समस्याएं बताईं, जिस पर अधिकारियों को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने रेंगवां ग्राम पंचायत में आयोजित विकास खंड स्तरीय किसान सम्मेलन में कृषि विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों और मृदा परीक्षण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अब छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंच रहा है। आधुनिक उपकरणों और फसल बीमा जैसी सुविधाओं से खेती को सुरक्षित बनाया जा रहा है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। कुर्सी क्षेत्र के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों और कृषि लागत घटाकर आय बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। मंत्री ने ब्लॉक कार्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया।


विजेताओं को सम्मानित करते चेयरमैन। अमृत विचार

### खेल अनुशासन व टीम भावना का प्रतीक

**रामनगर, बाराबंकी :** पीजी कॉलेज में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा शुरू हुई। उद्घाटन नपं अध्यक्ष रामशरण पाठक ने किया। शुरुआत में प्राचार्य प्रो. डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया तथा श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर का चित्र भेंट किया। प्रथम दिवस आयोजित प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना के प्रतीक हैं। इस अवसर पर प्राचार्य जनेस्मा प्रो. सीताराम, प्रो. डॉ. सुनीत कुमार सिंह, प्रो. के.के. सिंह, प्रो. एच.के. मिश्रा, डॉ. अखिलेश पटेल, डॉ. विश्वेश मिश्र, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. शैलजा दीक्षित, डॉ. आजाद प्रताप सिंह, डॉ. उदय प्रताप सिंह, अमरजीत सिंह, डॉ. केपी सिंह एवं पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी सहित महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. रामकुमार सिंह ने किया।

### बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** अमेठी जिले से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए गए बालक को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर चले गए, जिससे घटना का विवरण नहीं मिल सका। जानकारी के अनुसार अमेठी जिला मोहनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बारकोड निवासी दिवाकर पांडे व अन्य लोग पांच साल के मासूम राघव को लेकर बाइक से सीएचसी पहुंचे। यहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव लेकर चले गए।

### जिला जज ने किया संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) का औचक निरीक्षण कर संस्थागत बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सिविल जज सी0डि0 व सचिव शिवानी रावत, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट तृतीय आकांक्षा गुप्ता और जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश ने प्रभारी अधीक्षिका एवं स्टाफ को निर्देश दिए कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, कौशल विकास प्रशिक्षण, योग और खेलकूद जैसी गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा और समान सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। शिवानी रावत ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समय-समय पर ऐसे निरीक्षण करता रहेगा ताकि बच्चों और अन्य कमजोर वर्गों को न्यायपूर्ण और सुरक्षित वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान संस्था के कर्मचारी, रूबी वर्मा सहित कार्यालय लिपिक सौरभ शुक्ला भी मौजूद रहे।


निशान शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया खाटू श्याम का जन्मोत्सव

**फतेहपुर, बाराबंकी :** फाल्गुन शुक्ल द्वादशी पर खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्याम भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ भव्य निशान शोभायात्राएं निकालीं, जिनमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पहली शोभायात्रा स्थानीय शक्तिधाम महादेव तालाब से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए सधईपुरवा स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंची। दूसरी यात्रा ओम शिवालय, रक्षाबंधन मेला मैदान पचघरा से निकलकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई जारकबीरन खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। तीसरी शोभायात्रा ग्राम वतिया से शुरू होकर सिहाली रोड होते हुए मंदिर पहुंची। कचेहरी चौराहा समेत कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्राओं का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुकेश अग्रवाल, राजीव नयन तिवारी, अनिल कुमार शर्मा, सुनील अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नलिन निगम, हरिनाम सिंह वर्मा, प्रेमचन्द्र पाल, ओमप्रकाश पौरूष श्रीवास्तव, राजन गुप्ता, अंकित मिश्रा, मुकेश गुप्ता, रंजीत यादव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### शिविर में 21 शिकायतों का त्वरित निस्तारण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड परिसर में निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों, पेंशनरों एवं नियोक्ताओं की ईपीएफ एवं पेंशन संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर का संचालन करुणेंद्र कुमार मिश्रा प्रवर्तन अधिकारी एवं रजनीश कुमार गौतम सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 21 ईपीएफ एवं पेंशन संबंधी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना तथा एंपलाइज एनरोलमेंट कंपेन के संबंध में जागरूकता सत्र भी आयोजित हुआ।

## दरगाह पर होगा पारंपरिक होली का आयोजन


नई कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी:** हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर पिछले करीब 120 वर्षों से आयोजित होने वाली पारंपरिक होली को लेकर इस वर्ष बना संशय आखिरकार समाप्त हो गया। लगभग 40 वर्षों से जुलूस का नेतृत्व कर रही वारसी होली समिति द्वारा इस बार आयोजन से अलग रहने के निर्णय के बाद असमंजस की स्थिति बन गई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने नई कमेटी का गठन कर आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सदर आनंद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार ने थाना परिसर में नवगठित कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं और रूपरेखा पर चर्चा की। पूर्व वर्षों की तरह शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन कराने पर सहमति बनी। बैठक के बाद कमेटी सदस्यों ने इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी के साथ आस्ताना मैनेजर साद महमूद वारसी से मुलाकात कर कार्यक्रम की जानकारी दी। आस्ताना मैनेजर ने कमेटी को बधाई देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कमेटी के अध्यक्ष पंडित अवध किशोर मिश्रा ने बताया कि होली जुलूस सुबह 9 बजे कौमी एकता गेट से रवाना होकर निर्धारित मार्गों से होते हुए दोपहर 12:10 बजे आस्ताना परिसर पहुंचेगा। यहां फूलों व गुलाल से होली खेलने के बाद 12:45 बजे जुलूस का समापन होगा। उन्होंने अपील की कि जुलूस के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखें तथा किसी पर जबरन रंग न डालें। बैठक में कमेटी के उपाध्यक्ष बृजकिशोर सोनी, महामंत्री विकास निगम, संदीप निगम, त्रिवेणी शर्मा, आकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### खाद्य विभाग की छापेमारी, मिलावटी सामान नष्ट

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र में दुकानों पर छापेमारी कर मिलावटी खाद्य सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी तेजस के0 ने शुक्रवार को खाद्य विभाग के साथ निरीक्षण किया, जिससे बाजारों में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम ने कोटवाधाम, बदोसराय सहित कई बाजारों में दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मिलावटी दूध, कचरी और मिठाइयों को नष्ट कराया गया। कार्रवाई में खाद्य निरीक्षक अर्शी फारूकी, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी तेजस के0 ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मिलावटी सामग्री न बेची जाए और शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान लड्डू और दूध के नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। साफ-सफाई की कमी के चलते कोटवाधाम में आशीष किराना और सोनू स्वीट्स की दुकानों को बंद करा दिया गया।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 10वां रोज़ा–
- अफ्तार–शनिवार 6 :09 बजे
- 11वां रोज़ा–
- सहरी–रविवार 5 :16 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### वीडियो वायरल करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना पुलिस ने आपत्ति जनक वीडियो वायरल करने के मामले में एक गांव निवासी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री का आपत्ति जनक वीडियो वायरल होने की सूचना पर पुलिस ने जाँच के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर के मजरा मगनपुर निवासी आशीष पुत्र रामू के विरुद्ध आई टी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### रास्ता अवरुद्ध करने से रोकने पर पीटा

**मल्लावां, हरदोई।** ग्राम अकबरपुर निवासी शबनम ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र कहा कि गांव में एक कच्ची सड़क सार्वजनिक जिस पर गांव के कई लोगों का आना–जाना होता है। सड़क के बीच में अवैध रूप से गांव के मुस्ताक, सुल्तान, निसार, अंसार, जुबेर ने नींव भर दी है। ज़ब 25 फरवरी को कहा तो सभी लोगों ने मुझे वह मेरी देवरानी सुहाना को गाली गलौज करके मारा पीटा। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### दो पटाखा व्यवसायियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** स्थानीय कस्बे के एक घर में दो मंजिला मकान पर पटाखा बनाते समय विस्फोट हो गया था, जिसमें दो महिला गंभीर रूप से झुलस गई थी। कस्बा इंचार्ज श्याम बाबू की तहरीर पर लाइसेंस धारक दिलशाद और उसके भाई मुन्ना पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। औलादगंज मोहल्ला निवासी दिलशाद और भाई मुन्ना पटाखा व्यवसाय है। गुरुवार को घर में दो मंजिला पर अवध रूप से पटाखा बनाया जा रहा था, जहां पर विस्फोट हो गया था।

# विद्यालय परिसर में टूटकर गिरा हाईटेंशन विद्युत तार

## तार गिरते ही मची अफरा-तफरी, बाल-बाल बचे छात्र

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भाभर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं खतरे के साए में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय भांवर परिसर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन अचानक टूटकर परिसर में गिर गई। गनीमत रही कि समय रहते प्रभारी प्रधानाध्यापक की सतर्कता से बच्चों को सुरक्षित हटा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

शुक्रवार सुबह प्राथमिक विद्यालय भाभर में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब परिसर में अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया, उस समय विद्यालय में 40-45 बच्चे मौजूद थे। प्रभारी प्रधानाध्यापक ललित कुमार ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, जिससे संभावित दुर्घटना टल गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय के ऊपर से गुजर रही इस हाईटेंशन लाइन को हटवाने के लिए जिलाधिकारी सहित विद्युत विभाग के एसडीओ शाहाबाद और जेई अनंगपुर को कई बार प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है और विभाग की अनदेखी के कारण बच्चों की जान हमेशा खतरे में बनी रहती है।

बताया कि इससे पहले 27 अक्टूबर को भी इसी हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर विद्यालय परिसर में गिर चुका है। उस घटना के बाद भी विद्युत विभाग ने कोई सबक नहीं लिया और न ही लाइन को हटाने की दिशा में कोई कदम उठाया गया। परिणामस्वरूप शुक्रवार को एक बार फिर वही स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों और विद्यालय स्टाफ ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। ग्रामीणों ने और अध्यापकों ने जिलाधिकारी से संज्ञान लेने की अपील की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### जेई ने कहा, बजट नहीं

इस संबंध में स्थानीय अवर अभियंता (जेई) ने कहा कि वह कई बार विभाग को लिखकर दे चुके हैं, लेकिन बजट न होने के कारण कार्य नहीं कराया जा सका है। बजट मिलते ही लाइन को विद्यालय के ऊपर से हटवा दिया जाएगा।

### अधीक्षण अभियंता बोले

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बीएसए द्वारा प्रदत्त सूची में अधिकांश विद्यालयों में लाइनें स्थानांतरित कर दी गई हैं। कुछ विद्यालयों के आसपास रबी की फसल होने के कारण कार्य नहीं कराया जा रहा है। फसल कटते ही लाइन हटवा दी जाएगी।

## पत्नी ने किया दूसरा विवाह पत्नी ने दर्ज कराया केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली शाहाबाद के ग्राम रामपुर हृदय नया गांव निवासी एक पीड़िता ने पति द्वारा बिना तलाक लिए दूसरा विवाह कर लेने पर केस दर्ज कराया है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर हुई है। पत्नी ने लिखित शिकायती पत्र देकर पति सहित नौ लोगों पर साजिश करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। एसपी अशोक कुमार मीणा के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल प्रारंभ कर दी है। पीड़िता जुबली पत्नी नरवीर के अनुसार उसका विवाह 14 मार्च 2015 को नरवीर पुत्र बाबूराम के साथ हुआ था। विवाह के बाद से उसका पति, ससुर, सास सुशीला देवी, जेठ वीर बहादुर, जेठानी रिंकी, ननद रेनू, नीलम, अंजली और पूजा ने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसका आठ वर्षीय पुत्र भी है। उसके द्वारा उत्पीड़न के कई वाद न्यायालय में विचाराधीन हैं। वह पुत्र के साथ मायके में रह रही है। पति ने विपक्षी गणों के साथ मिलकर 17 फरवरी को किसी महिला के साथ दूसरा विवाह कर लिया। सूचना पर वह पुत्र के साथ पति के घर गयी तो वहां विवाह समारोह चल रहा था। विरोध किया तो पति ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। विपक्षी उसकी और पुत्र की सम्पत्ति के लालच में हत्या करना चाहता है। एसपी के आदेश पर पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।



ब्लॉक सभागार में बैठक करते ब्लाक प्रमुख विजय पाल। अमृत विचार

# बैठक में दी योजनाओं की जानकारी

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत की वार्षिक बैठक विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव गांवों को स्मार्ट गांव के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया। शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख विजय पाल ने की तथा प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय मिश्रा व खण्ड विकास अधिकारी कविता अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया।

खंड विकास अधिकारी कविता अवस्थी ने बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की और सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ग्राम्य विकास, पंचायत विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सांडी संवाददाता के अनुसार स्थानीय ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभाग से आए अधिकारियों ने अपने में विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें वित्तीय वर्ष 25 -26 में 2 करोड़ 42 लाख 44 हजार की प्राप्ति हुई, जिसमें एक करोड़ 7 लाख रुपए 17883 के तहत भुगतान किया गया है। शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख अनिल राजपूत ने बताया क्षेत्र पंचायत द्वारा विकास कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 -26 में 2 करोड़ 44 लाख 44 हजार 54 रुपए की प्राप्ति हुई जिसमें विकास कार्य के तहत एक करोड़ 7 लाख 17883 रुपए का भुगतान किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी काजल रावत ने मतदाता सूची की विधिवत जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी कृषि विनीत पाठक, समाज कल्याण राजीव दीक्षित, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामेश्वर प्रसाद, जिला ग्राम उद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह के अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज दीक्षित , प्रधान अशोक राजपूत ,जीतू राजपूत ,इशरत अंसारी ,राजेंद्र सहित बड़ी तादाद से लोग मौजूद रहे। बैठक में मंच का संचालन सुरेन्द्र यादव ने किया है।

# 11 वर्षीया किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत, शव जलाया

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 11 साल की किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने किसी को भनक भी नहीं लगने और पुलिस को बताये बिना शव भी जला दिया। इस बारे में पिता ने तबियत खराब होने की बात कही है। वहीं ग्रामीणों में एक युवक के साथ पकड़ने के बाद परिजनों द्वारा किशोरी की पिटाई की चर्चा है, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

कासिमपुर थाने के एक गांव में गुरुवार की देर रात 11 साल की किशोरी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शुक्रवार की भोर होने से पहले घर वाले उसका शव गांव के पूरब आरआरसी सेंटर के पास उठा ले गए और वहां लकड़ियां रखकर शव फूंक दिया। सुबह जब लोगों को पता चला तो चर्चा शुरू हो गई। कुछ ग्रामीणों के अनुसार किशोरी का एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गुरुवार की रात दोनों को एक साथ पकड़ा गया था। गुस्साये परिजनों ने किशोरी को घर ले जाकर इतनी बेरहमी से पिटाई कर दी कि उसकी मौत हो गई। वहीं पिता का कहना है कि उसकी बेटी बालामऊ के ठाकुरगंज अपनी बहन के घर गई हुई थी। वहीं तबियत खराब होने पर उसे लखनऊ ले जाया जा रहा था। उसी बीच सण्डीला के रैंसों गांव के पास मौत हो गई। हालांकि शव को इतनी जल्दबाजी में जलाये जाने के सवाल पर उसने कोई जवाब नहीं दिया। पुलिस का कहना है कि ऐसी कोई तहरीर नहीं आई है। उसके आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मनचलों को ग्रामीणों ने पीटकर पुलिस को सौंपा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना के एक गांव में माँ के साथ खेत पर गयी किशोरी को छेड़ने वाले दो मनचलों को ग्रामीणों ने पकड़कर उनकी धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। पीड़ित मां के अनुसार 25 फरवरी को वह अपनी 16 वर्षीय पुत्री के साथ खेत पर काम कर रही थी, तभी थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी अजय और अंकित ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पुत्री के शोर मचाने पर आसपास खेत में कार्य कर रहे ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# जनगणना कार्य के लिए करें तैयारियां

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। स्वामी विवेकानन्द सभागार मे जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे जनगणना कार्यों की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक मे जनगणना निदेशालय से जिले के लिए नियुक्त जनगणना जिला प्रभारी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जनगणना के विभिन्न चरणों, डेटा संकलन प्रक्रिया, तकनीकी प्रावधानों एवं फील्ड स्तर की तैयारियों पर नवीनतम दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध एवं सटीक रूप से करें, ताकि जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बैठक में जनगणना कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने अधिकारियों को जनगणना कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने के निर्देश दिए।



बैठक करते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

### होली पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी, ड्रोन से निगरानी

**हरदोई, अमृत विचार।** होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पुलिस अधीक्षक की ओर से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैलने पाए। भीड़भाड़ और संवेदनशील स्थानों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है ।इसी क्रम में शहर में ड्रोन के माध्यम से निगरानी शुरू कर दी गई है। शहर के महाराज सिंह पार्क से शहर कोतवाल संजय त्यागी की मौजूदगी में ड्रोन उड़ाकर विभिन्न इलाकों का जायजा लिया गया। ड्रोन कैमरे से मिलने वाले लाइव वीडियो को कोतवाल अपने मोबाइल फोन पर लगातार देखते रहे और जहां जरूरत महसूस हुई, संबंधित चौकी प्रभारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए।

# हथोड़ा-त्योंना सड़क के निर्माण का हुआ भूमि पूजन, 1.49 करोड़ से बनेगा मार्ग

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** हथौड़ा-त्योंना मार्ग अब नया रूप पाने जा रहा है। शुक्रवार को विधायक ने हथोड़ा तिराहे पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राज कुमार मौर्य और स्थानीय जनता के साथ भूमि पूजन कर इसका शुभारंभ किया। इस मार्ग की मरम्मत के लिए 1.49 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है, जो लगभग 5 किलोमीटर लंबा है।



पूजन करते विधायक रामपाल वर्मा व सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बाजपेयी।

पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ग्रामीणों ने सड़क की खराब स्थिति को बड़ा मुद्दा बनाया था, यहां तक कि मतदान का बहिष्कार भी किया। विधायक श्री वर्मा ने व्यक्तिगत प्रयासों से शासन से स्वीकृति दिलाई। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि सड़क इतनी मजबूत बने कि अगले 20 साल तक कोई समस्या न हो, वरना शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। सड़क बनने से हेमन खेड़ा, पड़ी, भानपुर, लालता खेड़ा, ओनवा आदि गांवों में आवागमन आसान हो जाएगा। कोथावां जाने का सीधा रास्ता सुगम होगा। त्योंना गांव, जो कभी सब्जी उत्पादन का हब था, सड़क खराब होने से किसान मजदूरी के लिए पलायन करने लगे थे। अब सड़क से सब्जी खेती फिर लौटेगी, किसानों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमण शुक्ला सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बाजपेयी, अनूप सिंह, शिवम मिश्रा, विजय पहलवान, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और ठेकेदार अमित शुक्ला के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किशोरी को भगाने के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित मां के अनुसार उसकी 16 वर्षीय पुत्री को 2 फरवरी की शाम को थाना के ग्राम गहोरा निवासी धीरू राठौर पुत्र रामवीर अपने चाचा संदीप, अशोक और अपनी मां के सहयोग से भगा ले गया।

# अमृतसर-पटना होली स्पेशल का हरदोई में ठहराव घोषित

**हरदोई, अमृत विचार।** होली के मद्देनज़र यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने हरदोई रेलवे स्टेशन के लिए बड़ी राहत भरी घोषणा की है। त्योहार के दौरान अतिरिक्त दबाव को कम करने के उद्देश्य से अमृतसर–पटना होली स्पेशल ट्रेन का ठहराव हरदोई में सुनिश्चित किया गया है। इससे खास तौर पर पंजाब और बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार गाड़ी संख्या 04064 अमृतसर-पटना पुलिस स्पेशल 23 फरवरी, 2 मार्च और 5 मार्च को अमृतसर से चलाई जाएगी। यह ट्रेन हरदोई रेलवे स्टेशन पर दोपहर 12 बजकर 03 मिनट पर पहुंचेगी। इसके अलावा लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी और आरा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर भी इसका ठहराव रहेगा, जिससे पूर्वांचल और आसपास के जिलों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

बता दें कि जिले से होकर गुजरने वाली जिन ट्रेनों के फेर पिछले तीन महीनों से घटा दिए गए थे, वे अब दोबारा नियमित रूप से चलने की तैयारी में हैं। रेल प्रशासन ने 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक परिचालन संबंधी कारणों से चार जोड़ी ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया था। इस फैसले का असर हजारों यात्रियों पर पड़ा, जिन्हें वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा या लंबा इंतजार करना पड़ा।अब होली के मद्देनजर रेलवे ने इन ट्रेनों को फिर से पटरी पर उतारने का निर्णय लिया है। त्योहार के दौरान घर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए यह राहत भरी खबर मानी जा रही है।

### स्पेशल ट्रेनों की हरदोई में संख्या बढ़ाने की मांग

अप में पटना से अमृतसर की ओर जाने वाली होली स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी, 3 मार्च और 6 मार्च को संचालित होगी। यह ट्रेन हरदोई स्टेशन पर सुबह 5 बजकर 48 मिनट पर पहुंचेगी। वापसी मार्ग में शाहजहांपुर, मुरादाबाद और जालंधर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर भी ठहराव निर्धारित किया गया है।

## दुकान पर हंगामा कर सामान बाहर फेंका

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** गुरुवार की देर शाम थाना क्षेत्र के सदर बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुछ महिलाओं और युवकों ने एक परचून की दुकान पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और महिलाओं ने दुकान में रखा सामान बाहर फेंक दिया। दुकानदार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। विवाद की शुरुआत एक युवक ने दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दी, जिस लेकर दुकानदार ने मना किया। बात बढ़ने पर युवक के समर्थन में वहां मौजूद कुछ महिलाएं मौके पर पहुंचीं और गाली-गलौज करते हुए दुकान का सामान सड़क पर फेंकने लगीं। दुकानदार सौरभ ने बताया कि कुछ लोग अचानक दुकान पर आए और विवाद करने लगे। विरोध करने पर महिलाओं ने आक्रोश में आकर दुकान का सामान बाहर फेंक दिया, जिससे उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। मामले में सौरभ ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। तहरीर प्राप्त हुई है।

# जीएसटी में 16.42 करोड़ रुपये का किया फर्जीवाड़ा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पुलिस ने करोड़ों रुपये के जीएसटी फर्ज़ीवाड़े का खुलासा करते हुए मामले में शामिल दिल्ली के तीन आरोपियो. को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरु कर दी है,दस्तावेज़ में छेड़छाड़ कर किए गए करोड़ो के फर्ज़ीवाडे की दूसरी कड़ी दिल्ली से जुड़ी हो सकती है,उसके लिए जांच की आंच वहां तक पहुंच सकती है। जैसा कि बताते है कि कोतवाली शहर बीएनएस की धारा 316(5)/338/336 (3)/340(2)/61(2) के तहत दर्ज हुई रिपोर्ट की जांच कर रही पुलिस ने दिल्ली के ई-190 ईस्ट विनोद नगर थाना कल्याणवास निवासी योगेंद्र सिंह फर्त्याल, ए-11 हरीनगर नई दिल्ली के निशांत दर्शन और 7/37 सेकेंड फ्लोर थाना राजौरी गार्डन दिल्ली निवासी हिमांशु कुमार को गिरफ्तार कर उनके पास से दो लैपटॉप एवं तीन मोबाइल बरामद किए।

बता दें कि पिछले साल 24 जून को राज्य कर उपायुक्त रविंद्र कुमार ने दी तहरीर में कहा था कि सर्व अली इंटरप्राइज ने पड़ोसी राज्यो की फर्मो को 16 करोड़ 42 लाख रुपये भेजे गए। पुलिस ने पहले गबन का केस दर्ज किया,उसके बाद जांच में आया कि दस्तावेज में छेड़छाड़ कर साजिश के तहत फर्जीवाड़ा किया गया। पुलिस ने धाराए बढ़ाते हुए अपनी छानबीन और तेज करते हुए इंस्पेक्टर शिवगोपाल, एसआई ज्ञानेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल संजय शर्मा, कांस्टेबल अनुराग यादव व कांस्टेबल प्रदीप चौधरी की टीम ने करोड़ो का फर्जीवाड़ा करने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



पकड़े गए आरोपी।

- हरदोई पुलिस ने दिल्ली निवासी तीन आरोपियों को दबोचा

**शैक्षिक भ्रमण** | राम तत्व और आधुनिक विकास का किया प्रत्यक्ष अध्ययन

# छात्रा–छात्राओं ने किया अयोध्या धाम का भ्रमण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अयोध्या धाम का ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जिसमें राम तत्व और आधुनिक विकास का प्रत्यक्ष अध्ययन कराया गया।

महाविद्यालय द्वारा पूर्व में 'भारतीय साहित्य में राम तत्व' जैसे गंभीर और महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्रीय संगोष्ठियों के माध्यम से जो वैचारिक और साहित्यिक विमर्श प्रारंभ किए गए थे, यह अयोध्या यात्रा उसी अकादमिक श्रृंखला का एक व्यावहारिक और जीवंत विस्तार थी। छात्रों ने जिन आदर्शों और जीवन मूल्यों को पुस्तकों और संगोष्ठियों में पढ़ा और सुना था, उन्हें अयोध्या की पावन भूमि पर प्रत्यक्ष रूप से महसूस किया। डॉ. शशिकांत पांडेय, डॉ. रश्मि द्विवेदी, आनंद विशारद और डॉ. एस.एस. त्रिवेदी ने अपने गहन ज्ञान और अनुभव के माध्यम से छात्रों को प्रत्येक स्थल से जुड़ी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रामायण कालीन संदर्भों और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से समझाया। स्वयंसेवक दल के सदस्य वैष्णवी पटवा, मुकेश कुमार, पूजा, प्रीति, आशीष, राहुल, रोहित, निकिता, विवेक और शुभम ने पूरे समय एक मानव श्रृंखला के रूप में काम किया।



अयोध्या के शैक्षिक भ्रमण के दौरान मौजूद विद्यार्थी व महाविद्यालय परिवार के सदस्य।

## सास का लटका मिला शव, बहू हुई बेहोश

**हरदोई, अमृत विचार।** सास का शव फांसी पर लटका मिला। जिसे देखते ही उसकी बहू वहीं पर बेहोश होकर गिर पड़ी। इसका पता होते ही घर में कोहराम बरपा हो गया,पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। टड़ियावां थाने के दिल्लापुरवा मजरा भुड़िया निवासी राजेंद्र कुमार की 65 वर्षीय पत्नी शैलेंद्री के दो बेटे प्रभात कुमार,कपिल कुमार और एक बेटी सरिता है। बड़े बेटे प्रभात कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात मां शैलेंद्री ने साथ में खाना खाया और उसके बाद सभी सो गए। शुक्रवार की सुबह प्रभात की पत्नी जानवरों के बाड़े में गई तो सास का शव रस्सी से बंधा फांसी पर लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अधिक से अधिक वादों का हो निस्तारण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीता कौशिक की अनुमति से 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराए जाने के लिए जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काव्या सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों व विद्युत विभाग के अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गए तथा ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए, जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। उक्त बैठक में प्रशासन की ओर से नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, सब रजिस्ट्रार सदर अखिलेश प्रताप सिंह, विद्युत विभाग से नवीन कुमार, पुनीत कुमार दुबे, सुरेश कुमार विश्वकर्मा, जेसन सेन, आशा सिंह सदस्य स्थाई लोक अदालत व विद्युत विभाग के अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह मौजूद रहे।



बैठक करतीं प्राधिकरण सचिव काव्या सिंह। अमृत विचार

- राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक



**रोजा**

शिया
सहरी : 05.02 बजे
अफ्तार : 06.20 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.08 बजे
अफ्तार : 06.09 बजे

# सीताराम के जयकारों से गूंजी दधीचि भूमि

## मिश्रिख मेला : प्रभारी मंत्री ने किया उद्घाटन, जनप्रतिनिधि और जिलाधिकारी सहित अन्य लोग शामिल

संवाददाता, मिश्रिख (सीतापुर)





मिश्रिख मेले का उद्घाटन करते प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व अन्य एवं मिश्रिख परिक्रमा मार्ग की ओर हाथी व पैदल जाते परिक्रमार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महर्षि दधीचि की नगरी में मिश्रिख मेले का आगाज हुआ। प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने मेले का उद्घाटन करते हुए परिक्रमार्थियों से संवाद किया। पैदल चलते हुए जनप्रतिनिधियों ने बोलो कड़ाकड़ सीताराम के जयकारे लगाए। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अगुवाई में पुलिस और प्रशासनिक टीम दिन भर मुस्तैद रही।

प्रभारी मंत्री ने मिश्रिख मेले के उद्घाटन से पहले पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें विधायक ज्ञान तिवारी, मनीष रावत सहित अन्य विधायक शामिल हुए। बाद में सभी लोग मिश्रिख पहुंचे। उद्घाटन होते ही परिक्रमार्थी घोड़े, हाथी, पैदल और अन्य साधनों से परिक्रमा मार्ग पर पहुंचने लगे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने श्रद्धालुओं के साथ संवाद किया। संबोधन प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा भी किया गया। इस दौरान विधायक रामकृष्ण भार्गव, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, शिव कुमार गुप्ता, अचिन मेहरोत्रा, मुनीद्र अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। तपती धूप में परिक्रमार्थियों को राहतों भरी छांव मिली। श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी शेड के अलावा जल और शौचालय के बंदोबस्त थे। ऐसे में राहत के साथ दूर से आए परिक्रमार्थी इन्हीं राहतों के बीच आराम करते नजर आए। कई स्थानों पर भण्डारे के आयोजन भी थे।

### पुलिस के साथ पीएसी और ड्रोन भी सक्रिय

जगह-जगह बीट पुलिस के साथ ड्रोन से भी निगरानी की जा रही थी। पीएसी भी कई स्थानों पर हमराह दिखी। रोक-टोक के बीच कई वाहनों को भी किनारे खड़ा करने का रास्ता पुलिस अधिकारियों द्वारा दिखाया गया।

# विभिन्न हादसों में दो युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, सीतापुर।

**घटना**

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार और गुरुवार को हुई दो घटनाओं ने सनसनी फैला दी। संदना इलाके में सियार के हमले में एक युवक की आंख गंभीर रूप से जख्मी हो गई, वहीं लहरपुर में एक अज्ञात युवक संदिग्ध हालत में गन्ने के खेत में मिला। दोनों को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। संदना थाना क्षेत्र के रालामऊ गांव में शुक्रवार तड़के खेतों की रखवाली कर रहे सीताराम नामक युवक पर झाड़ियों में छिपे सियार ने हमला कर दिया। सियार ने युवक के चेहरे और आंख को बुरी तरह नोच डाला। ग्रामीणों के पहुंचने पर सियार भाग निकला। घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

उधर, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मरघटा मजरा पतवारा गांव के पास गुरुवार शाम एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक गन्ने के खेत में बेसुध मिला। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार युवक का पैर गैंग्रीन की वजह से सड़ चुका है। स्थिति बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### होली पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**सीतापुर।** होली के पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. राजागणपति आर. ने आदेश जारी किया है कि चार मार्च को जनपद की सभी आबकारी दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। आदेश के अनुसार, होली के दिन सुबह दस बजे से लेकर शाम छह बजे तक देशी शराब, विदेशी शराब, बीयर, मॉडल शॉप, भांग की दुकान और सैन्य कैंटीन सहित सभी मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा।

### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई गणित और भौतिक विज्ञान की परीक्षा

**सीतापुर।** जनपद में शुक्रवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं सभी 146 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित की परीक्षा में कुल 33,883 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 31,965 उपस्थित रहे, जबकि 1,914 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 23,098 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 22,091 उपस्थित रहे और 1,007 अनुपस्थित पाए गए। शासन द्वारा नामित पर्यवेक्षक नीलम उप निदेशक, मध्याह्न भोजन प्राधिकरण और सचल दलों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। पूरे जनपद में दोनों पालियों के दौरान नकल का कोई भी मामला सामने नहीं आया।

### विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया औचक निरीक्षण

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देशों के क्रम में प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की, जहां कामकाज सुचारू रूप से चलता पाया गया। मौके पर कार्यालय लिपिक अशोक कुमार राना, आशीष यादव समेत अधिवक्ता बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, सुजीत बाजपेई, सईद अहमद अन्सारी, अंकुर वर्मा, शुभॉशी तिवारी व भूपेन्द्र दीक्षित उपस्थित मिले।

### किसान नेता ने रोजा रख पेश की मिसाल

**लहरपुर।** किसान नेता अजीत वर्मा ने पवित्र रमजान माह के अवसर पर रोजा रखकर सांप्रदायिक एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की है। नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी अजीत वर्मा ने हर वर्ष की अपनी परंपरा को कायम रखते हुए रोजा रखा। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म आपस में बैर करना नहीं सिखाता। धर्म जोड़ने का माध्यम है, तोड़ने का नहीं। वर्मा ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहें और सभी त्योहारों को मिल-जुलकर मनाएं।

### 1000 लीटर लहन नष्ट

**लहरपुर।** होली के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी व पुलिस विभाग ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम व क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार के नेतृत्व में टीम ने प्रहलादपुर, ठठेरी टोला और बस्ती पुरवा में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम ने लगभग 1000 लीटर लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया, जबकि 100 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई।

### वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थानों से कुल सात वांछित और वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, थाना बिसवां और थानगांव पुलिस ने एक-एक वारंटी को पकड़ा। वहीं, रामपुर मथुरा पुलिस ने पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त विनय कुमार उर्फ कल्लू को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

# नहर से एक का शव बरामद दूसरे की तलाश जारी

संवाददाता, बिसवां।

**अमृत विचार :** कोतवाली इलाके के ग्राम बुढ़नापुर निवासी दो मासूम बच्चे फैज आलम और फरीद, जो बीती 20 फरवरी को बकरी चराने के दौरान लापता हो गए थे, उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है। कोटरापुल के पास शारदा सहायक नहर किनारे चप्पलें मिलने के बाद से ही दोनों के डूबने की आशंका जताई जा रही थी।

लगातार चले सर्च ऑपरेशन के बाद बाराबंकी पुलिस को नहर की झाड़ियों में एक बच्चे, फैज आलम का शव दिखाई दिया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी कर बिसवां पुलिस और परिजनों को सूचित किया। बेटे का शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि, दूसरे बच्चे फरीद का आठ दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है।

> तीन दिन चले सर्च ऑपरेशन में एक बच्चे का शव मिल गया था। दूसरे बच्चे के लिए पड़ोसी जनपदों की पुलिस से लगातार संपर्क साधा जा रहा है। पुलिस तत्परता से उसकी तलाश में जुटी है। – अमन सिंह, क्षेत्राधिकारी बिसवां

# मानदेय नहीं, फीकी रहेगी मनरेगा कर्मियों की होली

**सीतापुर।** उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला संयोजक संतोष कुमार शुक्ला ने मनरेगा कर्मियों को पिछले कई महीनों से मानदेय न मिलने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि जिले में कार्यरत रोजगार सेवकों को कहीं 8 माह, तो कहीं 4 से 5 माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। संगठन संयोजक संतोष शुक्ला के अनुसार, विगत 18 वर्षों से निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे ये कर्मी अब आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या जैसी स्थितियों की ओर बढ़ रहे हैं। दीपावली के बाद अब होली पर भी भुगतान न होने से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया, तो वे कार्य बहिष्कार कर आंदोलन करने को विवश होंगे।



सड़क किनारे खड़े ओवरलोड वाहन।

## लकड़ी से लदी 26 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** तंबौर थाना क्षेत्र में अवैध लकड़ी कारोबार के खिलाफ तहसील प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में लकड़ी से लदी 24 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़कर थाने में खड़ा कराया गया है। प्रशासन को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि क्षेत्र की प्लाईवुड फैक्ट्रियों के लिए रात के अंधेरे में अवैध तरीके से हजारों क्विंटल लकड़ी लाई जा रही है, जिससे जीएसटी की चोरी और ओवरलोडिंग के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। तहसीलदार ने बताया कि पकड़े गए वाहनों पर अब जीएसटी विभाग, आरटीओ और मंडी समिति द्वारा संयुक्त रूप से भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध परिवहन के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आमलकी एकादशी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**संवाददाता, बिसवां।** कोतवाली के निकट स्थित श्री श्याम मंदिर में आमलकी एकादशी के पावन अवसर पर भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। इस मौके पर श्याम भक्तों ने बाबा का भव्य श्रृंगार किया, जिसके दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूजन-अर्चन के बाद बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। एकादशी के उत्साह में भक्तों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां बांटीं। देर शाम आयोजित विशाल कीर्तन में भजन गायकों की प्रस्तुतियों पर भक्त झूम उठे और पूरा क्षेत्र 'जय श्री श्याम' के जयघोष से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चीनी मिल के मुख्य अधिशासी आर.सी. सिंघल, मीरा सिंघल, शिवकुमार खेतान, मुकेश खेतान, मनीष खेतान, विजय अवस्थी, संतोष गुप्ता, राम मिश्रा, श्याम मिश्रा, सौरभ बंसल व अन्नू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# बुजुर्गों के मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीतापुर।** अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत जनपद में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के निराश्रित, बीपीएल व अंत्योदय कार्ड धारक बुजुर्गों के मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। इसके लिए जिला समाज कल्याण विभाग ने इच्छुक एनजीओ से आवेदन मांगे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने बताया कि इच्छुक संस्थाएं, जो दर्पण ऐप पर पंजीकृत हैं, 5 मार्च तक कार्यालय में आवेदन जमा कर सकती हैं। योजना के लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्र में आय सीमा 46,080 रुपये और नगरीय क्षेत्र में 56,460 रुपये वार्षिक निर्धारित है। आवेदन करने वाली संस्था के पास मोतियाबिंद सर्जरी का दो वर्ष का अनुभव और कम से कम 250 सफल सर्जरी का रिकॉर्ड होना अनिवार्य है।



शहर के मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों की हुंकार

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में गुरुवार को जिले भर के शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। 'टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' के बैनर तले शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना दिया और सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार दीक्षित ने कहा कि 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने उनके भविष्य को असुरक्षित कर दिया है। शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर पुराने शिक्षकों को इस शर्त से स्थायी छूट दे। कलेक्ट्रेट में नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी ने शिक्षकों का ज्ञापन स्वीकार किया। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# त्योहार नजदीक फिर भी गांव में सफाई नदारद

संवाददात, खैराबाद/ तालगांव।

**अमृत विचार पड़ताल**

**अमृत विचार :** होली और रमजान जैसे महत्वपूर्ण पर्व नजदीक हैं, लेकिन विकास खंड खैराबाद और परसेंडी की ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मी खुद काम करने के बजाय लेबर लगाकर खानापूर्ति कर रहे हैं। असोरढ़ ग्राम पंचायत के आरआर सेंटर बदहाली का शिकार है, जिसकी फर्श तक धंस चुकी है। ग्रामीण मोबिन, बलराम और राकेश ने बताया कि नालियों का कूड़ा आरआर सेंटर भेजने के बजाय तालाब में फेंका जा रहा है। प्रधान साबिक खान और सचिव गुलशन कुमार ने अधिक आबादी का हवाला देते हुए जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही है। उधर, बनेहटा में भी सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। प्रधानपति मनोहरलाल के अनुसार भुगतान न होने से आरआर सेंटर निष्क्रिय है। वहीं, बिरैचा निवासी सुमित और चंद्रिका ने बताया कि मुख्य मार्गों पर झाड़ू तक नहीं लगती और कूड़ा तालाब किनारे डंप किया जा रहा है। शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



बनेहटा का बदहाल स्थित में आरआर सेंटर। अमृत विचार

> नियमानुसार जांच कर कारवाई की जाएगी और सफाई कर्मचारी को त्योहारों का विषेश ध्यान रखते हुए सफाई व्यस्तता को सही ढंग से करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। – **रजनीश शुक्ला खण्ड विकास अधिकारी, परसेंडी**



मरीज का नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

## नेत्र शिविर में 114 मरीजों की हुई जांच 70 का होगा ऑपरेशन

**लहरपुर।** नगर के मोहल्ला पटकी टोला स्थित डॉ. ओम प्रकाश शुक्ला क्लिनिक पर सीतापुर आंख अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए 114 नेत्र रोगियों ने अपना पंजीकरण कराया। सीतापुर आंख अस्पताल के डॉ. स्वप्निल एवं उनकी टीम ने मरीजों की आंखों की गहन जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। आयोजक डॉ. आशुतोष शुक्ला ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में डॉ. आकाश शुक्ला, डॉ. अटल शुक्ला, राम जी तिवारी, भुजबल तिवारी और भोले कनौजिया का विशेष योगदान रहा।

## बीडीओ ने किया राजाकरनाई का औचक निरीक्षण

**बिसवां। अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह ने ग्राम पंचायत राजाकरनाई का आकस्मिक निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कार्यों में कमियां मिलने पर बीडीओ ने संबंधितों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने पंचायत सचिव उदय प्रताप सिंह को सख्त निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप मानक और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बीडीओ ने अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने और पारदर्शिता बरतने की हिदायत दी।

## 21 जोड़ों का हुआ दहेज मुक्त विवाह

**नेरी।** महोली स्थित सतलोक आश्रम में संत गरीबदास महाराज के बोध दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय समागम के दूसरे दिन सामाजिक सरोकारों की अनूठी मिसाल दिखी। संत रामपाल महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में 21 जोड़ों का विवाह बिना किसी दहेज के सादगीपूर्ण रमैणी' पद्धति से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में श्रद्धालुओं ने उत्साह दिखाया और कुल 70 यूनिट रक्तदान किया। आश्रम में आध्यात्मिक प्रदर्शनी और विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवादार आदर्शदास ने बताया कि यह समागम 28 फरवरी तक चलेगा।



मिश्रिख ब्लॉक कार्यालय का मुआएना करतीं सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या।

## सीडीओ ने परखा मिश्रिख ब्लॉक, मिलीं खामियां

**संवाददाता, मिश्रिख। अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी प्रर्णता ऐश्वर्या ने गुरुवार को मिश्रिख विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय के अभिलेखों और पंजिकाओं के रख-रखाव में लापरवाही व डेटा अपडेट न होने जैसी खामियां मिलीं। सीडीओ ने एडीओ पंचायत को कड़ी फटकार लगाते हुए मास्टर पंजिका को निर्धारित प्रारूप में अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीडीओ को स्पष्ट कहा कि भविष्य में ऐसी शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पश्चात सीडीओ ने 84 कोसीय परिक्रमा के सातवें पड़ाव मण्डरुवा तिराहा के सौंदर्यीकरण और कम्पोजिट विद्यालय में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र व एमडीएम शेड का स्थलीय निरीक्षण किया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी से हड़कंप

**लहरपुर।** होली के त्योहार पर मिलावटखोरी रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को लालपुर, नवीनगर और केसरीगंज में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते अधिकांश दुकानों के शटर गिर गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश, शोभ नाथ और सुभाष यादव की टीम ने सबसे पहले लालपुर खोवा मंडी में छापा मारा, जहां शमीम और अमीन खान से खोया के नमूने लिए गए। वहीं, जय गुरुदेव मिष्ठान भंडार से लौज का सैंपल भरा गया। इसके बाद टीम ने नवीनगर में मोहम्मद अमजद की दुकान से छेना रसगुल्ला और केसरीगंज में त्रिवेदी मिष्ठान भंडार से मिश्रित दूध के नमूने लिए गए।

## पैंतेपुर में नवनिर्मित पार्क का उद्घाटन



उद्घाटन करतीं विधायक आशा मौर्या।

**महमूदाबाद।** नगर पंचायत पैंतेपुर के मोहल्ला जेनी टोला में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना' के तहत नवनिर्मित पार्क का भव्य उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने फीता काटकर पार्क को क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्या ने कहा कि यह पार्क बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए एक सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने इसे हरित एवं स्वच्छ महमूदाबाद की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उद्घाटन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष जैनब उरूज आलम, मंडल अध्यक्ष अम्बरीष वर्मा, दुर्गेश गुप्ता, प्रदीप सिंह, रवि अवस्थी और प्रिंस मौर्य समेत भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## लोक अदालत की सफलता को लेकर बैंकों के साथ बैठक

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देशानुसार बुधवार को सचिव विजय भान ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने पर चर्चा हुई। सचिव ने समस्त बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोक अदालत में अधिक से अधिक बैंक रिकवरी वादों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने यह भी कहा कि चिन्हांकित वादों की पत्रावलियां समय से कार्यालय में उपलब्ध करा दी जाएं, ताकि समय रहते नोटिस तामीला और हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी की जा सके। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में भाकियू ने भरी हुंकार

**लहरपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसान विरोधी बताते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसान पक्का तालाब तीर्थ पर एकत्र हुए। वहां से पैदल मार्च निकालते हुए किसानों ने 'किसान बचेगा तो देश बचेगा' और 'जय जवान जय किसान' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा और ट्रेड डील को तत्काल रद्द करने की मांग की। इस दौरान तहसील अध्यक्ष शाहनवाज खान, डॉ. भूपेंद्र तोमर व नरेंद्र सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो

संवाददाता, सीतापुर।



बैठक कर निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों और एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजस्व समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नामान्तरण, वरासत, सीमांकन और भू-अधिग्रहण जैसे लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारागाह की जमीनों को चिह्नित कर वहां चारा बुआई सुनिश्चित की जाए और तालाबों के पट्टा आवंटन के बाद पात्रों को कब्जा दिलाया जाए। बड़े बकायदारों की सूची तैयार कर राजस्व वसूली में तेजी लाने और तहसील स्तर पर रिकॉर्ड अपडेट रखने के भी कड़े निर्देश दिए गए। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने को कहा।

### जनता से संवाद में रखें मधुरता

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि जनता से संवाद के दौरान मधुर वाणी का प्रयोग करें। शिकायतकर्ताओं से अभद्र व्यवहार करने वाले कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठकों में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय सहित सभी उपजिलाधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जाति जनगणना से ही मिलेगी आर्थिक आजादी: राकेश

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** लालपुर में आयोजित संविधान बचाओ संवाद में सांसद राकेश राठौर ने कहा कि देश को राजनीतिक आजादी तो मिल गई, लेकिन सामाजिक और आर्थिक आजादी अब भी अधूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह आजादी केवल जाति जनगणना के माध्यम से ही संभव है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष (चिकित्सक प्रकोष्ठ) डॉ. आरपी वर्मा ने घोषणा की कि बिसवां विधानसभा के हर जिला पंचायत क्षेत्र में ऐसे संवाद आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की आयोजक व जागरूक नागरिक मंच की जिलाध्यक्ष रोशनी गुप्ता ने महिलाओं से संविधान की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। संवाद में रागिनी वर्मा, विनीता राजवंशी, विकास राजवंशी सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन समीर गुप्त ने किया।



सांसद राकेश राठौर के साथ मिलकर हाथ उठाए ग्रामीण।

## न्यूज ब्रीफ

### होली पर्व को लेकर आबकारी टीम ने शुरू की छापेमारी

**ऊंचाहार :** होली पर्व को लेकर डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग ऐक्शन मोड पर है। आबकारी निरीक्षक खगेंद्र सिंह ने शुक्रवार को छापेमारी की शुरुआत जगतपुर क्षेत्र से की। उन्होंने अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों पर छापा मारा और दुकान के स्टॉक के साथ साथ शराब की गुणवत्ता की भी जांच की। इसके बाद उन्होंने एक-एक करके राजमार्ग के किनारे स्थित कई ढाबों पर छापा मारा। इस दौरान कही कुछ भी आपत्तिजनक तो नहीं मिला, किंतु उन्होंने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने और हुड़दंग करने वालों को कड़ी चेतावनी दी। इसके बाद आबकारी टीम ने ऊंचाहार क्षेत्र के मॉडल शॉप, भैंसापुर सवैया, एनटीपीसी गेट नंबर दो, उसरैना आदि शराब की दुकानों पर छापा मारा। उन्होंने ऊंचाहार के कई होटल संचालकों को अपने प्रतिष्ठान ने शराब न पिलाने के निर्देश दिए। इस टीम में आबकारी निरीक्षक के अलावा अमरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार और राम जानकी शामिल थे।

### चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमावां :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के मक्कू का पुरवा गांव निवासी जितेंद्र पुत्र जुगनू ने पुलिस को तहरीर दी है। बुधवार की देर रात गांव के ही मुकेश बचोले व गुड़िया गुड्डी ने किसी बात को लेकर पत्नी से गाली-गलौज की और लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला बोल दिया, जिससे वह घायल हो गई। भुक्तभोगी की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया कि उक्त चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

### खाई में गिरा बाइक सवार, गंभीर

**महराजगंज :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के कसेहटी गांव निवासी मनोज कुमार (40) कहीं जा रहे थे। गांव के बाहर नइया के किनारे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। घटना में बाइक सवार मनोज के सिर और जबड़े में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां डॉ. अनिल भारद्वाज ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### युवक को बंधक बनाने का वीडियो वायरल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार देर रात एक युवक को पुलिस की मौजूदगी में बंधक बनाकर बैठाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुबक्सखेड़ा मजरे जीगो गांव का है। बुधवार व गुरुवार की रात तकरीबन 1:00 बजे ग्रामीणों ने एक युवक को चोर समझ कर पकड़ लिया और उसे तालिबानी सजा देते हुए यानी बंधक बनाकर जमकर पीट दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस वायरल वीडियो में युवक से पूछताछ करती हुई दिखाई दे रही है।

### घायल महिला की मौत

**अमावां :** मिल एरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम सड़क हादसे में घायल महिला की मौत हो गई। ग्राम पूरे पंडित का पुरवा निवासी दिनेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि 26 फरवरी की शाम उनकी पत्नी सोनी देवी बाइक से मायके से ससुराल लौट रही थीं। शारदा नहर के पास अज्ञात वाहन ने लापरवाही से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर संविदा कर्मी को लूटा

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे बल्दी मजरे मिर्जापुर एहारी निवासी अंकित पाल एनटीपीसी की संविदा कंपनी पीएन कंस्ट्रक्शन में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात है। गुरुवार की शाम को वह ऊंचाहार के एक होटल में दावत खाने गए थे, जहां से रात करीब दस बजे वह वापस बाइक से अपने घर जा रहे थे। उनका कहना है कि रास्ते में डिहवा के पास दो बाइक पर सवार आधा दर्जन सशस्त्र बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोक लिया। उसके पास पीछे से आकर दो बदमाशों ने उन्हें गिराकर दबोच लिया और तमंचे की नोक पर उनसे लैपटॉप, मोबाइल फोन, घड़ी, पर्स आदि सामान छीन लिया और धमकी देकर भाग गए। घटना के बाद पीड़ित अपने घर पहुंचा और घर के मोबाइल फोन से उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की छानबीन की। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने आभी तक प्राथमिकी नहीं दर्ज की है। उधर कोतवाल अजय कुमार राय का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

# धौरहरा की रसोइया मीरा का भोजन सबसे स्वादिष्ट, मिला पहला स्थान

संवाददाता, रायबरेली

**उपलब्धि**

- **पीएम पोषण योजना के तहत जिला स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन**

**अमृत विचार।** पीएम पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजनान्तर्गत मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण द्वारा रसोइया पाक कला का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक एमडीएम विनय कुमार तिवारी की देखरेख में कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर नगर क्षेत्र 19 विकास क्षेत्रों की 30 रसोइयों ने प्रतिभाग किया। इसमें धौरहरा की रसोइया मीरा देवी का भोजन सबसे सेहतमंद और स्वादिष्ट रहा।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रतियोगिता में रसोइयों द्वारा रोटी, सब्जी एवं तहरी व्यंजन तैयार किया गया। समिति द्वारा खाने को चखते हुए गुणवत्ता एवं अनुभव के आधार पर रसोइयों को अंक प्रदान किये गये। इसमें मीरा देवी, पूमावि धौरहरा, रोहनियां ने प्रथम स्थान, शीला, प्रावि दाउदपुर गड़रई, गौरा ने द्वितीय और सत्यवती कम्पोजिट विद्यालय लोहानीपुर, हरचन्दपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



रसोइया पाककला प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी और अतिथिगण। अमृत विचार

निर्णायक समिति के सदस्यों द्वारा सभी रसोइयों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन अंजली गुप्ता (स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी) और खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र सुरेन्द्र प्रताप द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में जिला समन्वयक एमडीएम द्वारा सभी पदाधिकारियों और रसोइयों को आभार व धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन एसएस पाण्डेय व रेनू शुक्ला जिला व्यायाम शिक्षिका द्वारा किया गया। निर्णायक समिति सदस्य अंजली गुप्ता स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी, सुनीता सिंह प्रधानाचार्य जीजीआईसी रायबरेली, संजय कुमार त्रिपाठी खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार, रेखा, हिमांशी सिंह, राजू मिश्रा, विकास कुमार, राजेन्द्र, अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहें।

# विधायक के सामने हुई तीखी नोकझोंक, हंगामा

## राही ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रधान व ब्लाक प्रमुख पर लगे भेदभाव के आरोप

राही (रायबरेली)

**अमृत विचार।** राही ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। सदर विधायक अदिति सिंह की मौजूदगी में प्रधान की ब्लाक प्रमुख से जमकर नोकझोंक हुई। विकास के मुद्दे पर भेदभाव तक के आरोप लगाए गए। हालांकि ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र यादव उर्फ राजू ने आरोपों का खंडन करते हुए बिना भेदभाव के विकास कार्य कराने की बात कही। इस दौरान पुलिस की कड़ी चौकसी रही। सदर विधायक अदिति सिंह ने बिना भेदभाव के विकास कार्य का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य सोनू पासी ने बहिष्कार कर बाहर चले गए।

इससे पहले सदर विधायक अदिति सिंह और ब्लाक प्रमुख राही धर्मेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक शुरू हुई। सदर विधायक कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य कराना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। यदि उन्हें कहीं कोई दिक्कत आती है तो वह उन्हें अवगत कराएं। जिससे की विकास कार्य में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न न होने पाए। थोड़ी देर बार सदर विधायक के जाते ही प्रधान और प्रमुख के मध्य ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत में हुए विकास कार्यों को लेकर तीखी नोकझोंक होने लगी। दोनों पक्ष एक दूसरे पर पक्षपात का आरोप लगाया, जिससे सदन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

वरिष्ठ प्रधान कुंवर बहादुर सिंह के हस्ताक्षेप के बाद दोनों पक्ष शांत हुए और सदन की कार्रवाई पुनः शुरू हुई। खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर ने क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों का लेखा जोखा सदन में रखा। कहा कि प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य के कार्यों में यदि ब्लाक कर्मी हीलाहवाली करते हैं तो वे उसकी शिकायत करें। पशुपालन, सिंचाई सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी सदन को दी। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति सिंह ने क्षेत्र में सक्रिय युवक व महिला मंगल सहित कुल 11 ग्राम पंचायतों को खेल सामग्री वितरित किया। भारी संख्या में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।



क्षेत्र पंचायत की बैठक में हंगामा करते प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य। अमृत विचार



क्षेत्र पंचायत की बैठक में सदर विधायक अदिति सिंह का स्वागत करते लोग।

> क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। बैठक में जो भी प्रस्ताव दिए गए हैं, उसे अमल में लाने के लिए निर्देशित किया गया है।
> -अदिति सिंह, सदर विधायक रायबरेली।

> विकास के मुद्दे पर बिना किसी भेदभाव के कार्य कराए जा रहे हैं। सबके साथ समान व्यवहार किया जा रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधानों द्वारा दिए गए प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।
> -धर्मेंद्र कुमार यादव उर्फ राजू, ब्लाक प्रमुख राही।

### आरएसएस का कार्यक्रम आयोजित

**लालगंज (रायबरेली)।** आरएसएस की प्रमुख जन गोष्ठी लालगंज के संघ कार्यालय में आयोजित की गई। संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अशोक ने कहा कि आरएसएस देश के अधिकांश स्थानों पर शाखा के माध्यम से समाज जागरण का काम कर रहा है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन गोष्ठी के प्रमुख राजेश सोनी के द्वारा किया गया। विभाग प्रचारक अमित के द्वारा लोगों से विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर जिला संघ चालक रामचरन, जिला प्रचारक अजीत, नगर प्रचारक पुष्पम, राम गोपाल त्रिपाठी, सुशील शुक्ला, उमेश सिंह, अशोक शुक्ला, संजय चड्ढा, ऊधम जायसवाल, राजेंद्र यादव, प्रोफेसर अविनाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



गोष्ठी में बोलते हुए प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अशोक दुबे।

### बैलगाड़ी प्रतियोगिता एक मार्च को, तैयारी पूरी

**शिवगढ़।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के तौली गांव में एक मार्च को बैलगाड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के फाइनल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बैलगाड़ी चालकों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजक हमारा पेट्रोल पम्प ओसाह के स्वामी एवं तौली प्रधान पति विनोद कुमार धोबी तथा प्रधान सत्यवती द्वारा कराया जाएगा। विनोद धोबी ने बताया कि इस आयोजन में राजेश यादव, रामदेव लोधी, सर्वेश लोधी, धीरज कुमार, हैप्पी सिंह, रमाकांत मौर्य, चंद्रिका प्रसाद, गोपाल सिंह, अनिल सिंह व जतिन सिंह सहित कई लोगों का विशेष सहयोग मिल रहा है। प्रतियोगिता में रायबरेली के साथ लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी व उन्नाव जनपदों से प्रतिभागियों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

### विद्यालय के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**लालगंज।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्रों ने विज्ञान आंचलिक केंद्र लखनऊ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसका संयोजन व नेतृत्व राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज द्वारा किया गया। बीईओ ने बताया कि पूर्व में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज़ प्रतियोगिता कराई गई थी उसमें चयनित मेधावी बच्चों का यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस भ्रमण दल में मनोज अवस्थी, संतलाल, विश्वास बहादुर सिंह, आशीष प्रताप सिंह, अंकिता सिंह, अंजनी देवी, अमित कुमार, राधेश्याम आदि लोग मौजूद रहे।



शैक्षिक भ्रमण में शामिल शिक्षक और विद्यार्थी।

# डिजिटल लिट्रेसी प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

खीरों (रायबरेली)

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के ब्लाक मुख्यालय खीरों के सभागार में शुक्रवार से राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजनांतर्गत डिजिटल लिट्रेसी विषय पर आधारित ग्राम प्रधानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

इस प्रशिक्षण में लखनऊ मंडल से आए वरिष्ठ राज्य प्रशिक्षक संजीव कुमार मिश्रा और नीतीश श्रीवास्तव के द्वारा उपस्थित जन प्रतिनिधियों को कंप्यूटर के समस्त भाग साइबर क्राइम, डिजिटल साक्षरता, आज के समय आधुनिक तरीकों से होने वाले ऑनलाइन धोखाधड़ी, कंप्यूटर और लैपटॉप के संचालन, वित्तीय सुरक्षा, डिजिटल लेनदेन के तौर तरीके तथा विभागीय सोशल मीडिया ऐप के संदर्भ में तथा सोशल मीडिया के संचालन में बरती जाने वाली सावधानियों तथा अन्य तकनीकी विषयों की जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर वरिष्ठ राज्य प्रशिक्षक संजीव कुमार मिश्रा, नितीश श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।



प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

**आयोजन**

- **लखनऊ मंडल से आए अधिकारियों ने दी जानकारी**

**प्रधानों का डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण सम्पन्न, सतांव, अमृत विचार:** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत सतांव ब्लाक सभागार में दो दिवसीय "डिजिटल लिटरेसी" प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। "डिजिटल सशक्तिकरण की ओर प्रधानों का एक कदम" शीर्षक से आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत प्रधानों को डिजिटल तकनीकों के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक और सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता बढ़ाने के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के समापन पर, सभी प्रतिभागियों ने डिजिटल माध्यमों को अपनाकर ग्राम विकास को नई गति देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत विरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कुमार, नन्हे शुक्ला, गया प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल अधिकारी।

# वाहन की टक्कर से वैन के उड़े परखच्चे, चालक की मौत

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर बन्नावा गांव के पास गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमे बछरावां की ओर से लालगंज की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सामने से आ रही वैन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चालक की मौत हो गई।

वैन चालक रोहित पुत्र गुरु प्रसाद निवासी बिशुनपुर थाना बछरावा बीते गुरुवार की देर रात दुर्गापुर गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह बन्नावा गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ट्रॉमा सेंटर एसजीपीजीआई लखनऊ ले जाया गया, जहां पर मौत हो गई।

वहीं थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

### घायल युवक की अस्पताल में मौत

**महराजगंज।** जमुरांवा निवासी रामानन्द कनौजिया ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 4 फरवरी को उसका बेटा अंश कनौजिया (21) बाइक से हलोर की तरफ तिलक समारोह में शामिल होने जा रहा था। तभी कपूर पुर व मनकीपुर के बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। घटना में ट्रैक्टर का अगला पहिया अंश के हाथ व पेट पर चढ़ गया। मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बेटे अंश को गंभीर हालत में सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल व लखनऊ पीजीआई ले जाया गया, जहां अंश की 26 फरवरी को उसकी मौत हो गई। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पिता की तहरीर पर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



अंश कनौजिया की फाइल फोटो।

### युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

**बछरावां।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पटेल नगर कॉलोनी निवासी बाबू पुत्र मोहम्मद जहीर ने शुक्रवार की देर शाम कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसी दौरान उसकी पत्नी ने देख लिया। मौके पर पारिवारिक जन पहुंच गए और उसे फांसी के फंदे से नीचे उतार कर सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों नेजिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### विधायक ने पंचायत भवन गेट का किया उद्घाटन

**डीह, अमृत विचार।** सलोन ब्लाक के ग्राम पंचायत बघौला में कायाकल्प पंचायत भवन व प्राथमिक विद्यालय का व पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूची गेट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार में गांव-गांव विकास की रेखा खीची जा रही है। कार्यक्रम में विधायक अशोक कुमार, खंड विकास अधिकारी शशि कुमार को ग्राम विकास अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि बघौला अरविंद मौर्य ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत बघौला में शुक्रवार को मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार ने प्राथमिक विद्यालय बघौला में बने गेट का उद्घाटन किया। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने विधायक को हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापक प्रीति सिंह ने बालिका शिक्षा पर गीत प्रस्तुत किया। विधायक ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर शिक्षित करने के लिए शिक्षकों प्रीति सिंह, अजय प्रताप सिंह, सुमन की सराहना की। अनीता सिंह , कमलेश सिंह , आशीष पटेल, ग्राम विकास अधिकारी मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



उद्घाटन करते सलोन विधायक अशोक कुमार।

### बर्खास्त पीएसी जवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमावां, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र की 25वीं वाहिनी पीएसी में तैनात एक सिपाही को जाली दस्तावेजों से नौकरी पाने के मामले बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। बुलंदशहर जनपद निवासी सतीश कुमार की नियुक्ति वर्ष 1987 में आरक्षी के पद पर हुई थी । वह 25वीं वाहिनी पीएसी में तैनात थे। कुछ समय पहले उनके विरुद्ध हुई शिकायत पर विभागीय जांच कराई गई। इसमें आरक्षी सतीश कुमार ने सामान्य जाति का होते हुए भी जाली दस्तावेज लगाकर अनुसूचित जनजाति में मिलने वाले आरक्षण का लाभ पाया गया। जिसके तहत दंड एवं अपील नियमावली 1991 के अंतर्गत कार्रवाई पूरी की गई और जवाब न मिलने पर वर्ष 2021 में 17 जुलाई को सतीश कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। बर्खास्तगी के बाद अब पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जाली दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया आरक्षी सतीश कुमार के विरुद्ध विभागीय जांच चल रही थी। वर्ष 21 में सेवा से बर्खास्तगी के बाद अब मुकदमा दर्ज किया गया है ।

### बीमार अधेड़ की तलाश में जुटी खाकी

**अमावां।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के मीरगंज गांव निवासी गिरजा शंकर शर्मा पुत्र सूरज शर्मा लंबे समय से बीमारी से परेशान थे। गुरुवार की रात वह घर से कहीं चला गया। जिसकी परिजनों को भनक तक नहीं लगी। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी तलाश शुरू की गई। शारदा नहर के पास गिरजाशंकर के चप्पल व साल मिलने पर परिजनों को गिरजा शंकर (55) के शारदा नहर में कूदने की आशंका जाहिर की है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस में गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। सफलता न मिलने पर एसडीआरएफ की टीम से तलाश शुरू कराई गई। खबर लिखे जाने तक अधेड़ का पता नहीं चल सका था। दूसरी तरफ गिरजा शंकर के नहर में कूदने की खबर से आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर जमा हो गए और ग्रामीणों ने भी नहर में तलाश शुरू की। इस संबंध में इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया गिरजा शंकर के नहर में कूदने की बात सामने आई है तलाश जारी है।

**आयोजन** | मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा-किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

# मॉडल प्रधानमंत्री आवास का लोकार्पण, सीडीओ ने सुनीं जनसमस्याएं

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता ने जगतपुर ब्लॉक परिसर में निर्मित मॉडल प्रधानमंत्री आवास का फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया। समीक्षा बैठक में सीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ हो तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



प्रधानमंत्री मॉडल आवास का लोकार्पण करतीं सीडीओ अंजू लता। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि आवास जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं गरीब और जरूरतमंद परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने का आधार हैं, इसलिए इनकी गुणवत्ता और समयसीमा दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीडीओ ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, भुगतान की स्थिति और लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें और प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें। इसके उपरांत वह प्राथमिक विद्यालय पूरे कुमेदान पहुंचीं, जहां आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। चौपाल में आवास स्वीकृति, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, शौचालय निर्माण, सड़क मरम्मत, मनरेगा कार्य और राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें सामने आईं। सीडीओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके और संतोषजनक समाधान किया जाए।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख दलबहादुर सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी, राजेश कुमार (एसडीएम ऊंचाहार), सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामाकांत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ऊंचाहार कोतवाली में एसपी ने जांचे अभिलेख

**ऊंचाहार (रायबरेली) अमृत विचार।** शुक्रवार की शाम पुलिस अधीक्षक रवि कुमार अचानक ऊंचाहार कोतवाली पहुंचे, जिससे कोतवाली में हड़कंप मच गया। उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण करके अभिलेख देखे और दिशा निर्देश दिया। एसपी ने कोतवाली को देखा, बैरिक, ऑफिस आदि के बारे में जानकारी की। उन्होंने कोतवाली के अभिलेख देखे, जिसमें अपराध की स्थिति, मुकदमों का निस्तारण, सक्रिय अपराधियों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने होली और ईद पर्व को लेकर विशेष सार्थकता बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार राय समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।



कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी रवि कुमार।

**न्यूज ब्रीफ**

### संग्रामपुर में कुत्तों का कहर, 35 लोगों पर कर चुके हमला

**संग्रामपुर (अमेठी) :** थाना संग्रामपुर क्षेत्र में सड़कों व गलियों में टहलने वाले आवारा कुत्तों के काटने का मामले थमने का नाम नहीं ले रह हैं। प्रतिदिन गलियों में घूमने वाले कुत्तों के काटने से घायल लोगों के मामले लगातार आ सामने आ रहे हैं। बीते दिवस को 28 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया गया था, लेकिन शुक्रवार को लगभग 35 लोगों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया। जिसमें 7 नये मामले आये। जिसमें क्षेत्र के डेहरा निवासी धीरज पांडेय, श्रेया पाण्डेय, रामधन अम्मरपुर खरेथू अखिलेश तिवारी, अंजू भैरोपुर, अर्चना सिंह संग्रामपुर, रुद्र सिंह पुन्नपुर शामिल हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संग्रामपुर प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि कुत्ते के काटने से घायल सभी को एक रुपये की पर्ची पर नि:शुल्क एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया जा रहा है।

### पदाधिकारियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**लालगंज (रायबरेली) :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के दो सड़का बाजार अध्यक्ष राज विक्रम सिंह उर्फ केडी ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी को घोषित करते हुए व्यापारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने बताया कि राघवेंद्र चौहान महामंत्री, आदर्श सिंह कोषाध्यक्ष, मयंक दीक्षित, भानु प्रताप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक और धीरज गौतम संगठन मंत्री, अंजनी शर्मा और प्रवीण सिंह उपाध्यक्ष बनाए गए। केपी सिंह प्रसार मंत्री, अभिषेक चौहान, शैलेश मंत्री व विजय लक्ष्मी महिला प्रकोष्ठ मंत्री, रानी कौशल महिला संगठन मंत्री, रणवीर सिंह युवा संगठन मंत्री, संजय सिंह ठाकुर मीडिया प्रभारी बनाए गए। उल्लेखनीय है कि लालगंज नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिलाध्यक्ष रोहित सोनी के नेतृत्व में गत सप्ताह दो सड़का बाजार संगठन का गठन हुआ है। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों के सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम की सराहना की है।

### विवाद में दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान

**सलोन (रायबरेली) :** सलोन कोतवाली क्षेत्र के अतरथरिया गांव निवासी निशा पाल पुत्री राधेश्याम ने उपजिलाधिकारी सलोन को घटना के संदर्भ में प्रार्थना पत्र सौंपा है। उसका कहना है कि विपक्षी से उसका जमीनी विवाद चल रहा है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि विपक्षियों और उसके परिजनों ने जबरन उसके घर के सामने चारा मशीन लाकर लगा दिया। विरोध करने पर मारपीट और घर का दरवाजा व सीसीटीवी कैमरे को ईंट पत्थर से तोड़ दिया। वही घटना की सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मौके पर हल्का पुलिस मामले की जांच करने पहुंची। कोतवाली इंचार्ज पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों का पहले भी चालान हो चुका है।

### बच्चा चोर के शोर पर दौड़े ग्रामीण

**शिवगढ़ (रायबरेली) :** नगर पंचायत के पार्वती खेड़ा में उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक अज्ञात व्यक्ति खेत की तरफ जाने लगा। जहां बैठे कुछ बच्चे उसे देखकर डर गए और बच्चा चोर का शोर मचा दिया। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और व्यक्ति को दौड़ा लिया। दौड़ते हुए ग्रामीण बस स्टेशन शिवगढ़ पहुंचे, जहां पर पुलिस भी आई। पूछने पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि यह व्यक्ति बच्चों को चुराने के लिए गया था। पुलिस उसे अपने साथ लेकर चली गई।

# एसडीएम ने चौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं

## दारानगर में ग्रामीणों की मांग पर गांव में मतदान केंद्र बनवाने व त्वरित निस्तारण का दिया आश्वासन

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के दारानगर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एसडीएम अभिनव कनौजिया ने सहायक चकबंदी अधिकारी निर्भय द्विवेदी के साथ ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों व किसानों की समस्याएं सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वरासत, नाम दुरुस्तीकरण और मतदान केंद्र जैसी समस्याओं पर अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चौपाल में वरासत और नाम दुरुस्तीकरण से संबंधित पांच शिकायतें सामने आईं। इस पर एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को बगैर किसी विलंब के नियमानुसार वरासत करने का आदेश दिया। वहीं प्रधान प्रतिनिधि मनोराज यादव सहित ग्रामीणों ने गांव में मतदान केंद्र न होने की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए दो किलोमीटर दूर दूसरी ग्राम पंचायत नीमपुर जाना पड़ता है, जिससे बुजुर्गों व महिलाओं को कठिनाई होती है। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को दारानगर में ही नया मतदान केंद्र बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।


चौपाल में समस्याएं सुनते एसडीम व मौजूद प्रधान तथा जनता। अमृत विचार

चौपाल के बाद एसडीएम ने नीमपुर सहित कुछ मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एसआईआर के तहत भरे जा रहे प्रपत्रों की जांच कर केयरटेकरों को मतदाता सूची से जुड़े कार्य समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सहायक चकबंदी अधिकारी निर्भय द्विवेदी, ग्राम प्रधान इंद्रराज, राजस्व निरीक्षक संतराम, लेखपाल रामसमूझ, शिवकुमार सहित अन्य कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

**आपसी भाईचारे से मनाएं होली और रमजान, कमरौली :** शुक्रवार को थाना परिसर में आगामी होली और रमज़ान-ईद के त्योहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने की। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे से होली और रमजान मनाए जाने की अपील की।


पीस कमेटी की बैठक करते थाना प्रभारी मुकेश पटेल व जनप्रतिनिधि।

बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान राघवेन्द्र तिवारी, आवेश, मो. नासिर, नूरुलहसन, सलीम, सज्जन ख़ान, रज्जन एवं शिवकुमार सहित अन्य लोगों ने अपने सुझाव रखे। थाना अध्यक्ष मुकेश पटेल ने कहा कि होली और रमज़ान-ईद आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देने वाले पर्व हैं। सभी लोग परंपराओं का सम्मान करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट से बचने, डीजे की निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करने तथा जुलूस व नमाज़ के दौरान आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की। बैठक में त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तैनाती और आपसी संवाद बनाए रखने पर सहमति बनी। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

# फर्जी बिल्टी भेजकर देशभर के व्यापारियों से ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

संग्रामपुर (अमेठी)

- **पुलिस टीम ने कालिकन-चंद्रिकन मार्ग पर दबोचा**

अमृत विचार। थाना संग्रामपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी मोबाइल के माध्यम से फर्जी बिल्टी (सामान की रसीद) भेजकर देश के बड़े व्यापारियों से माल मंगवाकर ठगी करता था। थाना प्रभारी संग्रामपुर संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कालिकन-चंद्रिकन मार्ग पर प्रतापगढ़ सीमा के पास बोझी बाजार क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया।


पुलिस के गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया अभियुक्त प्रेमचंद्र जायसवाल पुत्र श्रीराम जायसवाल निवासी सहोदरपुर, कोतवाली प्रतापगढ़ है।प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि आरोपी मुंबई, सूरत, दिल्ली और जयपुर जैसे बड़े शहरों के व्यापारियों को मोबाइल नंबर के जरिए फर्जी बिल्टी भेजकर सामान मंगवाता था। वह संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बोझी बाजार का पता बताकर माल मंगाता और फिर धोखाधड़ी को अंजाम देता था।व्यापारियों को शक होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम पहले से सतर्क होकर मौके पर तैनात हो गई। शुक्रवार दोपहर जैसे ही आरोपी बोझी बाजार पहुंचा, उसे गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है। वर्ष 2018 में भी उसके विरुद्ध धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज हो चुका है।व्यापारियों का कहना है कि आरोपी बेहद शातिर किस्म का अपराधी है और पहले भी कई व्यापारियों को अपना शिकार बना चुका है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है और अन्य संभावित पीड़ितों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# खेत में चारा लाने गई युवती से दुष्कर्म, दी गई तहरीर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अमेठी कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत में बकरी चराने गई युवती से गलत काम कर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। वहीं पीड़िता ने पड़ोस के युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता ने बताया कि 19 फरवरी यानी गुरुवार को दोपहर करीब तीन बजे वह घर से कुछ ही दूरी पर खेत में बकरियों के लिए हरा चारा लेने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी युवक ने उसे अकेला पाकर जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ गलत काम किया। युवती का कहना है कि आरोपी ने मोबाइल फोन से गलत काम करने का वीडियो भी बना लिया। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद युवक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे डरा रहा है,और कई बार बुलाकर गलत हरकत करता रहा।बुधवार को एक अन्य व्यक्ति उसके घर पहुंचा और वीडियो होने की बात कहकर एक हजार रुपये की मांग की। बदनामी के डर से युवती ने रुपये दे दिए।लगातार हो रही मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजन उसे लेकर कोतवाली अमेठी शुक्रवार को लेकर पहुंचे और लिखित शिकायत दी।

वहीं इस संबंध में अमेठी कोतवाली प्रभारी रवि सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है। मामला जांच का विषय है। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ विधिक अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्र सेवा के लिए रहना चाहिए सदैव तत्पर

गौरीगंज (अमेठी)

**अमृत विचार।** शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम मनीषी महिला पीजी कॉलेज, गौरीगंज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के संस्थापक जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी का पाठ अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे संवेदनशील विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा मताधिकार विषय पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत भी गाया।


आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित लोग। अमृत विचार

**शिविर**

स्वयंसेविका खुशी जायसवाल ने सात दिवसीय शिविर की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम सभी में 'मैं' नहीं बल्कि 'आप' की भावना होनी चाहिए। उन्होंने स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि हमें अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए ताकि हम सब स्वस्थ रह सकें। पर्यावरण संरक्षण के लिए "एक पेड़ मां के नाम" अवश्य लगाने का संदेश भी दिया।

उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। महिलाओं और लड़कियों को सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090 और 112 याद रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर निडर होकर सहायता लेने की अपील की गई। साथ ही साइबर ठगी का शिकार होने पर 24 घंटे के भीतर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपासना मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# घर में शहनाई बजने से पहले उठी भाई की अर्थी

जगतपुर (रायबरेली)

- **बहन के हाथ पीले करने के लिए तन-मन-धन से तैयारियों में जुटे भाई की एक्सीडेंट में चली गई जान**

**अमृत विचार।** कभी-कभी जिंदगी एक ही पल में सब कुछ बदल देती है। 25 फरवरी की शाम ऐसा ही एक पल लेकर आई, जिसने एक साधारण से परिवार की दुनिया उजाड़ दी। जिस घर में 26 फरवरी को तिलक की रस्म पूरी होनी थी, वहां अगले दिन बेटे की अर्थी उठी तो हर कोई रो पड़ा।

भदोखर थाना क्षेत्र के पास फतेहपुर मोहलिया में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई थी। जिसमें संदीप भी था। घर का इकलौता बेटा, बहन रोली की शादी और पिता के बुढ़ापे का सबसे बड़ा सहारा था। 26 फरवरी को रोली का तिलक था और 9 मार्च को बारात आनी है। घर को रंग-रोगन और सजाने संवारने का कार्य पूरा हो चुका था। इस खुशी के अवसर पर शामिल होने के लिए रिश्तेदारों को निमंत्रण दिए जा चुके थे। इसकी तैयारी में लगा संदीप बाजार से शादी का सामान खरीदकर लौट रहा था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई और तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही खुशियों से भरा घर कुछ ही घंटों में मातम में डूब गया। तिलक की थाल सजने से पहले घर में सफेद चादर बिछ गईं।

**घर का सहारा था बेटा:** बेटे की मौत पर पिता तेजभान की आंखें सूज चुकी हैं। उनका कहना है कि संदीप उनका इकलौता बेटा था। उसी के सहारे घर चलता था। उसी ने बहन की शादी की जिम्मेदारी उठाई थी। अब वही नहीं रहा। संदीप एक छोटे होटल व्यवसाय से परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी कमाई से ही शादी की तैयारी चल रही थी। हादसे के बाद दुकान बंद है, आमदनी शून्य है और घर की जिम्मेदारियां पहाड़ बनकर सामने खड़ी हैं।

**पिता बोले-बेटी के हाथ समय पर पीले करूंगा:** एक तरफ बेटे की मौत से पिता की आंखे आंसुओं से भरी हैं तो वहीं दूसरी ओर उसके सिर पर लदा बेटी की शादी बोझ उसे हर पल सता रहा है। फिलहाल इन गंभीर परिस्थितियों से लड़ कर पिता ने बेटी के हाथों में मेंहदी लगवाकर उसका कन्यादान करने का निर्णय लिया है।

**दुखद घड़ी में परिवार के साथ खड़ा हुआ पूरा गांव:** इस दुखद घड़ी में पूरा गांव परिवार के साथ खड़ा है। ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया है। कई लोगों ने कहा है कि शादी गांव की बेटी की है, खर्च में सब हाथ बटाएंगे। गांव के एक बुजुर्ग ने कहा, जिस घर में बेटा चला गया, वहां बेटी की विदाई में गांव अकेला नहीं छोड़ेगा।" घर के एक कोने में संदीप की तस्वीर पर माला चढ़ी है, दीपक जल रहा है। दूसरे कोने में दुल्हन का सामान रखा है।

# कार की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**अमेठी।** अमेठी कोतवाली क्षेत्र ककवा रोड स्थित ओवरब्रिज पर शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। ओवरब्रिज पर चढ़ने के दौरान एक कार के साइड लग जाने से 76 वर्षीय बुजुर्ग बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि राजापुर कोहरा निवासी रामदेव पाल (76) पुत्र स्वर्गीय छवि लाल अपने घर से अमेठी बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ओवरब्रिज पर चढ़ते समय कार की हल्की टक्कर लगने से वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद कार सवार ने मानवता दिखाते घायल बुजुर्ग को तुरंत अपनी गाड़ी से अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया है।

### संत सम्मेलन में संतों ने बहाई ज्ञान की गंगा

**महराजगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के कुशलगंज मजरे अलीपुर में राम कथा में आज दूसरे दिन शुक्रवार को बाराबंकी से आये अवधी सम्राट की वाणी से आरंभ हुआ। उन्होंने राम नाम के महत्व और अवधपति के गुणों का वर्णन करते हुए कथा को गति प्रदान की। द्वितीय कथावाचक के रूप में दमोह मध्य प्रदेश से पधारे पवन मनु (सूरदास जी) ने संत शिरोमणि हनुमंत लाल जी को नमन किया और बताया कि वह महावीर कैसे बने? सुंदरकांड सुंदर क्यों है? सुंदरकांड के पहाड़ सुंदर हैं, पेड़ सुंदर हैं, नगर सुंदर हैं इसलिए सुंदरकांड ही सुंदर हैं इस कथा का बड़ा ही मनोहारी विश्लेषण करते हुए श्रोताओं को आनंदित किया। तृतीय वक्ता के रूप में नेपाल से पधारे नेपाली बाबा ने रामचरितमानस के सुंदर प्रसंग से जीवन में आने वाली तमाम विसंगतियों पर निराकरण का उपाय श्री रामचरितमानस से बतलाया। चतुर्थ वक्ता के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कृत साहित्यकार एवं राम कथा मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर ने राम नाम की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। पांचवें वक्ता के रूप में बांदा से पधारे यज्ञेश मिश्र ने अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा का परिचय देते हुए श्रोताओं को कथा श्रवण हेतु बाध्य कर दिया। यज्ञेस मिश्र ने गुरु महिमा, राम कथा के गूढ़ मर्म और सामाजिक उत्थान के लिए भक्ति-ज्ञान का प्रसार किया, जिससे समूचा माहौल भक्तिमय हो गया। कथा के अंतिम वक्ता इटावा से पधारे राघव किशोर रामायणी ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस भारतीय संस्कृति, धर्म और साहित्य का आधारस्तंभ है, जो अवधी भाषा में रचित एक महाकाव्य है। इस अवसर पर डॉ. महेश तिवारी, पंकज कुमार गौतम, राम प्रकाश सिंह चौहान, कुलदीप सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, सिकंदर सिंह, संजय मिश्रा, जगमोहन यादव, मनीष दीक्षित, नीलकंठ दीक्षित, प्रमोद मिश्रा, दान बहादुर सिंह, भानू दीक्षित, राजू सिंह, राम प्रकाश शुक्ला, मनीष शुक्ला, प्रांजुल शुक्ला, अमन शुक्ला सहित हजारों की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

**डलमऊ (रायबरेली)।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का विशेष एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। बच्चों को विज्ञान और विमानन तकनीक की व्यावहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी फुरसतगंज, अमेठी ले जाया गया।खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बच्चों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि यह भ्रमण केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आपके सपनों को पंख देने का एक माध्यम है। विज्ञान और तकनीक की समझ ही भविष्य में आपको नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। एआरपी राजेश कुमार, देवेंद्र यादव, धर्मेंद्र कुमार, संदीप यादव की देखरेख में बच्चों ने महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। बच्चों को विमान के रख-रखाव, टेक-ऑफ और लैंडिंग की प्रक्रियाओं को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। बीईओ ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण परिवेश के बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है और वे नवाचार के प्रति जागरूक होते हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष योगेश सिंह, जगतपाल, शिवमोहन, धर्मेंद्र कुमार, राजेश यादव, लाल बहादुर, इरफान, अंजू यादव, रजनी, मंजू, रश्मि यादव, आरती सिंह, संगीता आदि मौजूद रहे।


विजिट में जाते बच्चे और मौजूद शिक्षक।

### सड़क हादसे में कार चालक गंभीर

**जगदीशपुर, अमृत विचार।** तेज़ रफ्तार ट्रक मे कार सवार की भिड़ंत हो जाने से कार सवार चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल पर भर्ती कराया गया भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना के हाइवे स्थित टांडा गांव के निकट तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगिरो के मुताबिक टक्कर इतनी जोर दार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने कार में फंसे चालक को बाहर निकाला व इलाज के लिए जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल की पहचान मो. अंसार निवासी बिजनौर, लखनऊ के रूप में हुई है घायल चालक टोयोटा कंपनी में ड्राइवर है कार से लखनऊ जा रहे थे फरार ट्रक की तलाश जारी है।

### विरोध करने पर महिला की पिटाई, केस दर्ज

**कमरौली (अमेठी)।** थाना क्षेत्र के पूरे तालेवन, मौजा दुडेहरी गांव में एक बुजुर्ग महिला की पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव निवासी लालती को बीते मंगलवार अरुण यादव, रामा यादव और शीला देवी ने कथित रूप से मारपीट कर घायल कर दिया। लालती के पुत्र उदय नारायण का आरोप है कि उनकी मां ने आम की डाल काटने का विरोध किया था, इसी बात को लेकर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। परिवार का यह भी कहना है कि मुख्य आरोपी अरुण यादव पर पूर्व में अपनी पत्नी के शोषण और उसकी संदिग्ध मौत में संलिप्तता के आरोप लग चुके हैं। ऐसे में पीड़ित पक्ष को आशंका है कि इस मामले में भी प्रभाव का इस्तेमाल कर मेडिकल रिपोर्ट प्रभावित की जा सकती है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना कमरौली के एसओ मुकेश पटेल ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

### बिना लैंड यूज बदले करा दी प्लाटिंग

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** जगतपुर विकास खंड में इस समय भूमि प्लाटिंग का बड़ा खेल चल रहा है। किसानों से कृषि दर पर भूमि खरीदकर बिना भू-उपयोग परिवर्तन कराए व्यवसायिक प्लाटिंग हो रही है। यही नहीं इस भूखंड पर मिट्टी की भराई के लिए क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। जिसमें दर्जनों की संख्या में डंपर रात भर मिट्टी की ढुलाई कर रहे हैं। जगतपुर के बाईपास के कूड़ गांव के पास और शारदा सहायक नहर के किनारे भट्ट पुरवा पुल के पास प्लाटिंग का काम चल रहा है। यह भूमि कृषि हेतु है। इसका भू-उपयोग परिवर्तन सक्षम अधिकारी द्वारा नहीं कराया गया है, जिससे राजस्व को भारी क्षति हुई है। यही नहीं दोनों स्थानों पर मिट्टी का अवैध खनन द्वारा मिट्टी भी डाली जा रही है। राजस्व विभाग के जिम्मेदार लोग इस अवैध कार्य पर आंखें बंद किए हुए हैं।

**आयोजन**

**गर्भधारण तथा पूर्व में होने वाली समस्याओं की समय पर पहचान, नियमित जांच व संस्थागत प्रसव पर दिया गया जोर**

# एचआरपी प्रशिक्षण में एएनएम को दिए गए आवश्यक निर्देश

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** शुक्रवार को सीएचसी में उच्च जोखिम गर्भावस्था एचआरपी विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुधीर वर्मा ने की, जबकि जिला प्रशिक्षणदाता नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप तिवारी ने एएनएम को विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अत्यधिक रक्तस्राव, कम उम्र या अधिक उम्र में गर्भधारण तथा पूर्व में जटिल प्रसव जैसी स्थितियां उच्च जोखिम की श्रेणी में आती हैं। ऐसे मामलों की समय पर पहचान कर नियमित निगरानी और आवश्यकतानुसार उच्च केंद्र पर रेफर करना जरूरी है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।


सीएचसी शुकुल बाजार में मौजूद डॉक्टर व एएनएम। अमृत विचार

जिला प्रशिक्षणदाता ने कहा कि सभी एएनएम अपने-अपने क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं का सर्वे कर हाईरिस्क मामलों को चिन्हित करें और पोर्टल पर अंकन सुनिश्चित करें। सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव, समय पर टीकाकरण, पोषण तथा नियमित जांच पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण दाता एस एन दुबे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता सुरक्षित मातृत्व है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जन जागरूकता बढ़ाने और प्रत्येक गर्भवती तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर जोर दिया।इस मौके पर कॉर्डिनेटर मनोज त्रिपाठी, बीसीपीएम उदयराज यादव, बीपीएम प्रीति सिंह, ज्योति सिंह सहित क्षेत्र की समस्त एएनएम मौजूद रहीं।


सभागार में उपस्थित समूह की सखियां। अमृत विचार

**सभागार में समूह सखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, जगदीशपुर :** ब्लॉक सभागार में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की समूह सखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण विहार (बिहार) से आए प्रशिक्षक द्वारा संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कुल 20 समूह सखियों ने प्रतिभाग किया और डिजिटल प्रणाली की बारीकियों को समझा।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को डिजिटल लेन-देन प्रणाली में दक्ष बनाना है। इस दौरान सखियों को लोकोस (एलओकेओएस) एपीएस पर लेन-देन करने की पूरी प्रक्रिया सिखाई जा रही है। उन्हें खाते का संचालन, धनराशि जमा करना, निकासी करना, ऑनलाइन प्रविष्टि करना तथा वित्तीय रिपोर्ट तैयार करने की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षक ने बताया कि आने वाले समय में समूहों का समस्त वित्तीय लेन-देन इसी प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा, इसलिए इसका सही ज्ञान और अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। ब्लॉक स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण को समूहों की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल प्रणाली से समूहों का लेखा-जोखा व्यवस्थित रहेगा और किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना कम होगी। प्रशिक्षण में शामिल सखियों ने इसे उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनके कार्यों में आसानी होगी और समूह संचालन अधिक सुदृढ़ बनेगा।

